कोटद्वार, रविवार
4 अगस्त 2024
वर्ष: 46
अंक: 101 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

डीजी ने दी शिक्षकों का वेतन जारी करने की अनुमति

देहरादून। स्कूल ड्रेस का बजट खर्च ना हो पाने और छात्रों तक ड्रेस या पैसा नहीं पहुंचने पर रोका गया शिक्षकों का वेतन जल्द जारी कर दिया जाएगा। महानिदेशक शिक्षा बंशीधर तिवारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को वेतन जारी करने की अनुमति दे दी है। जुलाई में नए सत्र के साथ सरकारी स्कूलों के बच्चों को सरकार की ओर से नई ड्रेस दी जानी थी। इसके लिए समग्र शिक्षा की ओर से सभी स्कूलों को प्रति बच्चा छह सौ रुपए का बजट दिया गया था। लेकिन ज्यादातर स्कूलों में अब तक ड्रेस नहीं मिल पायी है। स्कूलों का कहना है कि छह सौ रुपए में दो ड्रेस मिलने में काफी दिक्कत हो रही है। इसके लिए वेंडर तैयार नहीं हो रहे हैं। वहीं इस पैसे को खातों में डालने के लिए बच्चों के व्यक्तिगत खाते खुलवाए जाने हैं। लेकिन बच्चों के पास आधार या अन्य दस्तावेज ना होने से इसमें भी दिक्कत आ रही है। इन्हीं दो कारणों से अब तक ड्रेस का बजट खर्च नहीं हो पाया है। लेकिन बजट खर्च ना होने के कारण समग्र शिक्षा ने जिले के समग्र शिक्षा के तहत संचालित स्कूलों के शिक्षकों को वेतन रोक दिया था। इसका विरोध करते हुए शिक्षकों ने मुख्य शिक्षा अधिकारी से मांग की थी कि वेतन जारी किया जाए। राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र रावत का कहना था कि गैर शैक्षणिक कामों के लिए शिक्षकों का वेतन रोका जाना गलत है। जिसके बाद डीजी बंशीधर तिवारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को वेतन जारी करने की अनुमति दे दी।

रूट खुलने से ऋषिनगरी के लोगों को राहत

ऋषिकेश। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा संपन्न होने पर ऋषिनगरी में लोगों को राहत मिली। सप्ताहभर से बंद रोडवेज और अन्य सवारी वाहनों के रूट भी शनिवार को खुल गए, जिससे लोगों को आसानी से आवागमन के लिए वाहन उपलब्ध हुए। अभीतक देहरादून–पोंटा साहिब से दिल्ली जा रही बसें भी ऋषिकेश से हरिद्वार होकर गुजरी रही।कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों के भारी हुजूम के चलते ऋषिकेश से हरिद्वार रूट पर सवारी वाहनों का टोटा हो गया था। रोडवेज बसों का दिल्ली रूट भी बदल गया था, जिससे लोगों को न सिर्फ दिल्ली पहुंचने में 70 किलोमीटर अधिक दूरी तय करनी पड़ रही थी, बल्कि सवारी व निजी वाहन से हरिद्वार से गुजरना भी स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बन गया था। शनिवार को शहर व आसपास के इलाकों में नेशनल हाईवे व अन्य संपर्क मार्गों पर कांवड़यि न के बराबर दिखे, जिससे सवारी वाहनों के साथ ही रोडवेज बसें ऋषिकेश–हरिद्वार के बीच फर्राटा भरती नजर आई। तिपहिया सवारी वाहन भी चौक–चौराहों पर लोकल सवारियों के इंतजार में खड़े दिखे। परिवहन निगम के एजीएम प्रतीक जैन ने बताया दिल्ली रूट पर अब हरिद्वार से होते हुए बसों का संचालन किया जा रहा है। मोतीचूर से निगम का अस्थायी बस अड्डा पर हट गया है। देहरादून–हरिद्वार के बीच लोकल सेवाएं भी प्रारंभ कर दी गई हैं।

बीए की छात्रा से एक साल में कई बार दुष्कर्म, पांच पर केस

हल्द्वानी। कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने चार लोगों पर छोटी बहन से दुष्कर्म करने और अश्लील फोटो एवं वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता स्नातक की छात्रा है। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में चार युवक समेत एक महिला के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, धमकाने समेत आईपीसी की कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में युवती ने बताया कि उसकी छोटी बहन बुआ के घर रहकर स्नातक द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है। बताया कि अगस्त 2023 में छात्रा का दोस्त नीरज आर्या उसे बातों में उलझाकर नबावी रोड स्थित किराए के कमरे में ले गया, यहां उससे दुष्कर्म किया और उसकी वीडियो भी बना लिया। इसके बाद छात्रा से मारपीट कर यह वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। नीरज ने यह वीडियो अपने भाई चंदू आर्या और दोस्त भुवन आर्या को दिखाया।

आरोप है कि वीडियो देखने के बाद वायरल करने की धमकी देकर चंदू, भुवन और उनके एक साथी रोशन ने भी छात्रा से अपनी परिचित महिला सीमा के घर पर दुष्कर्म किया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मानसिक तनाव में आकर छात्रा ने इस दरिंदगी की जानकारी बड़ी बहन को दी। जानकारी मिलने पर परिवार वाले कोतवाली पहुंचे। शुक्रवार को पीड़िता की बहन ने तहरीर दी, जिसके आधार पर कोतवाली पुलिस ने चार युवकों समेत एक महिला के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों का अनुश्रवण करें : धामी

● आयुक्त गढ़वाल मण्डल विनय शंकर पाण्डेय को नोडल अधिकारी को मिली जिम्मेदारी

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन के वरिष्ठ अधिकारी अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों का निरंतर अनुश्रवण करें, जिलाधिकारियों द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों के लिए जो भी सहायता की मांग की जा रही है, उस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें सहयोग प्रदान किया जाए।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर केदारनाथ यात्रा मार्ग के प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के रेस्टोरेशन के लिए आयुक्त गढ़वाल मण्डल विनय शंकर पाण्डेय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि सचिव आपदा प्रबंधन, सचिव लोक निर्माण विभाग तथा ऊर्जा विभाग के उच्च अधिकारी तत्काल जनपद रूद्रप्रयाग का दौरा करते हुए रेस्क्यू और रेस्टोरेशन की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई अतिवृष्टि से हुए नुकसान का मुख्यमंत्री जिलाधिकारियों से हर पल का स्वयं अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग से वर्चुअल माध्यम से वार्ता करते हुए निर्देश दिये कि श्री केदारनाथ पैदल मार्ग पर आवागमन को जल्द सुचारू किये जाने के प्रयास किये जाएं। पैदल यात्रा मार्ग पर फंसे यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया जाए और उनको भोजन की समुचित व्यवस्था रखी जाए। श्रद्धालुओं के परिजनों को उनकी कुशलक्षेम की नियमित अपडेट दी जाए। जारी किये गये हेल्पलाईन नम्बरों का भी व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। मौसम अनुकूल होने की स्थिति में श्रद्धालुओं को जल्द रेस्क्यू किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि गौरीकुंड और सोनप्रयाग के बीच के क्षतिग्रस्त 150 मीटर मोटर मार्ग के निर्माण की कार्यवाही जल्द की जाए।

कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर किशोर से कुकर्म

हरिद्वार। ज्वालापुर में किशोर को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाने के बाद कुकर्म किया। इसके बाद आरोपी ने कुकर्म की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर रमेश तनवार के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक ने यह मामला 29 जुलाई का बताया है। युवक ने बताया कि 29 जुलाई को गांव के ही एक युवक ने उसके छोटे भाई को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इससे वह बेहोश हो गया। आरोप है कि इसके बाद उससे कुकर्म किया और अश्लील वीडियो भी बना ली। वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद इस घटना का पता चला। इसके बाद किशोर ने उसे आपबीती बताई। कोतवाली प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

देहरादून का लाल कश्मीर में पेट्रोलिंग के दौरान शहीद

देहरादून। जम्मू कश्मीर के तंगधार में पेट्रोलिंग के दौरान देहरादून के हवलदार शहीद हो गए। खड़ी पहाड़ी पर पेट्रोलिंग के दौरान बर्फ पर फिसलकर खाई में गिरने से उनकी जान गई। शनिवार शाम को उनकी पार्थिव देह अठूरवाला, भानियावाला स्थित आवास पर लाई गई।अठूरवाला निवासी हवलदार सते सिंह बिष्ट 17 गढ़वाल राफल्स का हिस्सा थे। हाल में वह जम्मू कश्मीर के तंगधार में तैनात में तैनात थे। यूनिट की सैन्य टीम के साथ पेट्रोलिंग के दौरान बर्फ में अचानक पैर फिसला। वह घिसटते हुए गहरी खाई में जा गिरे। जब तक उन्हें रेस्क्यू कर निकाला गया तो उनकी मौत हो चुकी थी। सते सिंह बिष्ट मूलरूप से टिहरी जिले के निवासी थे। काफी समय से उनका परिवार अठूरवाला में रह रहा है। रक्षा विभाग के जन संपर्क अधिकारी देहरादून ले. कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि शहीद की पार्थिव देह शनिवार देर शाम उनके आवास पर पहुंची। इस दौरान असम राफल्स अरेसा संगठन से जुड़े पूर्व सैनिक श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इनमें अशोक नेगी, हवलदार विक्रम चंद शामिल रहे। उधर, शहादत की सूचना मिलने के बाद से परिवार के सदस्य भी गमगीन हैं।

जम्मू में एके -47 हथियारों के साथ देखे गए संदिग्ध, सुरक्षाबलों ने चलाया तलाशी अभियान

जम्मू ,। जम्मू में ग्रेटर कैलाश के पास सूखी नहर में बीती रात कैंप ड्रेस पहने तीन लोगों को कथित तौर पर एके–47 जैसे हथियारों के साथ देखा गया। इसके बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया।तलाशी अभियान रात 10:15 बजे समाप्त हुआ। इस दौरान सुरक्षाबलों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारियों ने नरवाल की ओर चौकियों को मजबूत करने की सलाह दी है।बता दें कि 30 जुलाई को भारतीय सेना ने पुंछ जिले से हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी को गिरफ्तार किया था। आतंकी की पहचान मोहम्मद खलील के रूप में हुई थी। राष्ट्रीय राइफल की रोमियो फोर्स को हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी मोहम्मद खलील के पुंछ के मंगनार गांव में छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन चलाकर उसे गिरफ्तार किया था। आतंकी खलील के पास से एक विदेशी पिस्टल भी बरामद की गई थी। इस बीच जम्मू–कश्मीर में हो रही घुसपैठ को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बीएसएफ के दो वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें उनके पदों से हटा दिया है। डीजी बीएसएफ नितिन अग्रवाल और स्पेशल डीजी वाईबी खुरानिया को उनके पदों से हटाकर उनके मूल कैडर में वापस भेज दिया गया है।

जम्मू–कश्मीर में पिछले एक साल से हो रही लगातार आतंकियों की घुसपैठ, डीजी बीएसएफ और स्पेशल डीजी बीएसएफ को हटाने की मुख्य वजह है। जम्मू–कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ को लेकर भारत सरकार का यह सबसे बड़ा प्रशासनिक एक्शन है, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों पर गाज गिरी है।

पिछले एक महीने में इन दोनों अधिकारियों ने जम्मू–कश्मीर, अंतरराष्ट्रीय सीमा और लाइन ऑफ कंट्रोल का दौरा किया था और अहम बैठकों में हिस्सा लिया था। इसके अलावा पंजाब सेक्टर से लगातार हो रही आतंकी घुसपैठ को प्रभावशाली ढंग से ना काबू पाना भी इस एक्शन की बड़ी वजह है।

पिछले कई सालों में ऐसा पहली बार हुआ है जब दो वरिष्ठ अधिकारियों को इस तरीके से हटाया गया है, जो किसी अर्धसैनिक बलों को लीड कर रहे थे। यह घटना सुरक्षा बलों के अंदर की संरचना और प्रशासनिक निर्णयों पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है।

अयोध्या : श्रद्धालुओं से भरी नाव सरयू नदी में पलटी, आठ को बचाया गया, एक लापता

अयोध्या , यूपी के अयोध्या में सरयू नदी में नौ तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक नाव पलट गई।एक अधिकारी ने बताया कि नाव पलटने के बाद से एक महिला लापता है। आठ लोगों को बचा लिया गया है। मामला अयोध्या कोतवाली के नया घाट चौकी क्षेत्र के सरयू तट का है। अधिकारी के अनुसार, शुक्रवार को एक नाव कुछ तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान अचानक नाव पलट गई। नाव पलटने के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। इस बीच मौके पर मौजूद स्थानीय गोताखोरों और एसडीआरएफ कर्मियों ने सरयू नदी में छलांग लगाई और आठ लोगों को बचा लिया जबकि 29 वर्षीय कशिश नामक एक महिला लापता बताई जा रही है। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करण नैयर ने कहा, नाव की एक अन्य नाव से टक्कर हो गई थी। जिसके बाद तीर्थयात्रियों से भरी नाव पलट गई। नाव पर सवार सभी लोगों ने लाइफ जैकेट पहन रखी थी। एक महिला लापता है, बचाव दल की टीम उसे खोजने की कोशिश कर रही है। पता चला है कि सरयू नदी में यह हादसा उस समय हुआ, जब नाव नदी में मुडने की कोशिश कर रही थी और उसकी दूसरी नाव से टकरा गई।

अयोध्या गैंगरेप के आरोपी मोईन खान की बेकरी पर चला बुलडोजर, हुई जमींदोज

अयोध्या ,अयोध्या में 12 साल की बच्ची के साथ गैंगरेप मामले में आरोपी मोईन खान के बेकरी पर बुलडोजर कार्रवाई हुई है। जिला प्रशासन ने उसकी बेकरी पर बुलडोजर चला दिया है।इस मामले में योगी सरकार एक्शन मोड में आ गई है। शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने आरोपी मोईन खान की बेकरी पर छापा मारा है। अधिकारियों ने बेकरी में बन रहे सामानों को जब्त कर इसे जांच के लिए भेज दिया है। वहीं, बेकरी को सील कर दिया गया है। बच्ची के साथ इसी बेकरी में उस पर गैंगरेप करने का आरोप लगा था।

मालूम हो कि महिला सुरक्षा को लेकर यूपी की योगी सरकार काफी गंभीर है। योगी आदित्यनाथ ने 12 साल की बच्ची के साथ गैंगरेप मामले में सपा नेता मोईद खान का मुद्दा विधानसभा में भी उठाया था। उन्होंने समाजवादी पार्टी को घेरते हुए कहा था कि अब तक सपा नेता पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। योगी ने कहा था कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। इधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पीड़ित के परिजनों से मुलाकात की। उन्हें भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। सीएम के इस भरोसे के बाद से ही मोईद खान पर कार्रवाई शुरू हो गई है। आगे उसकी मुश्किलें बढने वाली हैं।

वहीं, इस मामले में थानाध्यक्ष पूराकलंदर रतन शर्मा व भदरसा चौकी इंचार्ज अखिलेश गुप्ता को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, एसडीएम सोहावल राजस्व कर्मियों के साथ आरोपी सपा नेता मोईन खान के घर पहुंचे। आरोपी सपा नेता की जमीन–जायदाद की पैमाइश शुरू हो गई है। पीड़िता की मां ने बताया कि सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया है कि आरोपी सपा नेता की संपत्तियों की जांच कराई जाएगी और अवैध संपत्तियों के खिलाफ कठोरता से कार्रवाई की जाएगी।

मालूम हो कि अयोध्या के पूरा कलंदर थाना क्षेत्र में घटी शर्मनाक घटना में सपा नेता मोईन खान और उसके नौकर पर पिछड़े वर्ग की 12 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोप है। आरोपी मोईन खान फैजाबाद से सपा सांसद अवधेश प्रसाद का करीबी बताया जाता है।

वायनाड भूस्खलन में मृतकों की संख्या बढकर 344 हुई

वायनाड ,केरल के वायनाड में हुए भस्खलन में मरने वालों की संख्या बढक़र 344 हो गई और 206 लोग अभी भी लापता हैं। रेस्क्यू टीम का शनिवार को पांचवें दिन भी ऑपरेशन जारी है।रक्षा बलों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन सेवा और स्वयंसेवकों के 1,500 से अधिक कर्मियों वाली बचाव टीम ने शनिवार सुबह चार सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों चूरलमाला, वेल्लारीमाला, मुंडकाईल और पुंचिरीमाडोम में तलाशी शुरू कर दी है।

अब तक 146 शवों की पहचान हो चुकी है, जबकि 74 की पहचान होनी बाकी है। मृतकों में 30 बच्चे भी शामिल हैं। मलबे से बड़ी संख्या में क्षत–विक्षत शरीर के अंग भी बरामद किये गए हैं।

यहां लगभग 100 राहत शिविर हैं, जिनमें लगभग 9,500 लोगों को स्थानांतरित किया गया है। जिले के विभिन्न अस्पतालों में 84 लोग भर्ती हैं। 122 टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल और कन्नूर इकाई से जुड़े अभिनेता मोहनलाल अपनी इकाई के साथ शनिवार सुबह प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। सैन्य वर्दी पहने मोहनलाल सबसे पहले मैप्पडी में स्थित बेस कैम्प पहुंचे और रक्षा बलों से मुलाकात की। फिर वह चूरलमाला पहुंचे और बचाव दल के साथ बातचीत की।

21 मोटर मार्गों पर थमी आवाजाही

विकासनगर। लगातार हो रही बारिश के चलते जौनसार बावर क्षेत्र की 21 सड़कें शनिवार को यातायात के लिए बाधित रहीं। पिछले एक माह से रोजाना हो रही बारिश से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। रोजाना क्षेत्र के मोटर मार्ग बंद हो रहे है, इससे स्थानीय ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है। शुक्रवार को कुछ मार्गों के खुलने से लोगों को राहत मिली थी, लेकिन शनिवार को भी 21 मार्ग दोबारा बंद हो गए। इनमें से कुछ मार्ग एक सप्ताह से ज्यादा समय से बंद हैं। इन सड़कों से जुड़े लोगों के सब्र का बांध छलकने लगा है। जल्द मार्ग न खुलने पर उन्होंने विभाग के विरुद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। शहीद सुरेश तोमर गास्की मोटर मार्ग दस दिन से है। बिजऊ–कोफ़्टी–दातनु –बडनु मोटर मार्ग, ड्यूडीलानी से ढलीन बड़ेथ पिनगिरी मोटर मार्ग बीत एक सप्ताह से बंद हैं। जबकि तारली सम्पर्क मार्ग, थेना मन्दिर मोटर मार्ग भी दो दिन से बंद है। साहिया के कालसी–बैराटखाई मोटर मार्ग, मीनस अटाल मोटर मार्ग, फेडुलानी से मलेथा मोटर मार्ग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कालसी के खाटूवा मोटर मार्ग, धोइरा से देऊमोटर मार्ग, लाखामंडल से रंगेऊमोटर मार्ग, सेंसा पणायसा मोटर मार्ग पर भी यातायात ठप रहा। लोक निर्माण विभाग चकराता के लोखंडी पिपरा मिनस मोटर मार्ग, अटाल सैंज मोटर मार्ग, लागा पोखरी से मुंधार छिंदा छानी मोटर मार्ग, पुरोड़ी–हयो–टगरी मोटर मार्ग, सावडा–डूंगरी मोटर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही ठप रही।

चकराता क्षेत्र के रावना–पुरोड़ी मोटर मार्ग नौ जुलाई से और टुंगरा सम्पर्क मार्ग 20 जून से बंद है। इन मार्गों से जुड़े लोगों के लिए रावना सम्पर्क मार्ग और लागा पोखरी सम्पर्क मार्ग से वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। बिन्हार क्षेत्र के मटोगी मोटर मार्ग पर मलबा आने से बीते दो दिनों से यातायात बंद है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ललित कुमार गोयल का कहना बंद मार्ग जल्द से जल्द खुलवाने के लिए प्रयासरत हैं। लेकिन कई मार्ग क्षतिग्रस्त हैं और कई पर भारी मलबा आया हुआ है। रोजाना हो रही बारिश के कारण सड़कों को खोलने में परेशानी हो रही है।

यूपी के कांवडियों ने हरियाणा के कांवडियों पर ईंट–पत्थरों से किया हमला, एक की मौत

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के बागपत में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। डाक कांवड़ में आगे निकलने की जिद्द में उत्तर प्रदेश के कांवडियों ने हरियाणा के रहने वाले कांवडियों पर ईंट– पत्थर और तेज धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में हरियाणा के एक कांवडिये की मौत हो गई। कई कांवडिये गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस जांच कर रही है। सोनीपत के गांव अटेरणा के रहने वाले युवक डाक कांवड़ लेने हरिद्वार गए थे, जब वह डाक कावड़ लेकर वापस आ रहे थे, तो बागपत के पास एक दूसरे से आगे निकलने की जिद में विवाद हो गया। इसके बाद उत्तर प्रदेश के कांवडियों ने हरियाणा के कांवडियों पर ईंट– पत्थरों और लाठी –डंडों से हमला कर दिया और बाइक भी छीन ली। उत्तर प्रदेश के रहने वाले 50 से 60 कांवडियों ने हमले को अंजाम दिया।हमले में सोनीपत के अटेरना के रहने वाले वंश नाम के कांवडिये की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गए। वंश ने सोनीपत के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायल डाक कांवडियों का इलाज चल रहा है।

'छोटे किसान भारत की सबसे बड़ी ताकत'

पीएम मोदी बोले– कई देशों में काम आ सकता है हमारा मॉडल

नई दिल्ली। कृषि अर्थशास्त्रियों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा के साथ ही पोषण को भी जरूरी बताया। इसके लिए प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि छोटे किसान भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं। यहां के 90 प्रतिशत किसानों के पास बहुत कम जमीन है। कई विकासशील देशों की भी ऐसी ही स्थिति है। इसलिए हमारा मॉडल कई देशों के काम आ सकता है।

पांच दिन चलेगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में कृषि अर्थशास्त्रियों का यह 32वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है, जो पांच दिनों तक चलेगा। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि कृषि हमारी आर्थिक नीतियों के केंद्र में है। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे।

दूध, दाल व मसालों का भारत सबसे बड़ा उत्पादक

भारत में पहला कृषि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 1958 में हुआ था। पीएम मोदी ने 65 वर्ष पहले के उस दौर को याद करते हुए कहा कि तब भारत आजाद ही हुआ था और हमारी खाद्य सुरक्षा दुनिया के लिए बड़ी चुनौती थी, मगर आज हम खाद्य अधिशेष देश हैं। दूध, दाल एवं मसालों का सबसे बड़ा तथा खाद्यान्न, फल सब्जी, कपास, चीनी, चाय एवं मछली का दूसरा बड़ा उत्पादक हैं।

बजट में कृषि के सतत विकास पर फोकस

खाद्य के साथ पोषण सुरक्षा के लिए भी हम दुनिया को समाधान दे रहे हैं। पीएम ने कहा कि हम बड़े पैमाने पर प्राकृतिक खेती को प्रोन्नत कर रहे हैं। इसके परिणाम भी अच्छे आ रहे हैं। इस साल के बजट में कृषि के सतत विकास पर बड़ा फोकस है।

रांची में दारोगा की गोली मारकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

रांची झारखंड की राजधानी रांची में एक दारोगा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दरोगा अनुपम कच्छप का शव आज सुबह शहर के कांके इलाके में रिंग रोड के पास से बरामद किया गया है। वह पुलिस की स्पेशल ब्रांच में पोस्टेड थे।मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने रोड के किनारे शव पड़ा देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि अनुपम शुक्रवार रात कांके रिंग रोड में एक ढाबे पर अपने कुछ दोस्तों के साथ पार्टी करने गए थे।उनके दोस्त कार से लौटे, जबकि वह बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी गोली मारकर हत्या की गई। उन्हें दो गोलियां मारी गईं। वारदात की जानकारी मिलते ही स्पेशल ब्रांच के आईजी, डीआईजी, रांची पुलिस के डीआईजी, एसएसपी समेत कई अधिकारी रिम्स पहुंचे, जहां उनका शव पोस्टमार्टम के लिए लाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है। खबर लिखे जाने तक हत्या की कोई स्पष्ट वजह नही मिल सकी है।

मरीज के अधूरे इलाज पर कार्रवाई, 6 डॉक्टरों समेत 13 स्वास्थ्य कर्मी निलंबित

लखनऊ ,डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान के इमरजेंसी में अधूरा इलाज कर मरीज को भगाने वाले प्रकरण में 6 चिकित्सकों समेत 13 स्वास्थ्य कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने घटना के सामने आने के बाद कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया था।उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर संस्थान के निदेशक सीएम सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो इमरजेंसी ऑफिसर, चार रेजिडेंट डॉक्टर, दो पीआरओ और पांच अन्य कर्मचारियों को निलंबित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शुक्रवार को यह खबर वायरल हो रही थी कि लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में सीतापुर के एक मरीज का उचित इलाज नहीं किया गया और उसे आधे अधूरे इलाज के बाद बाहर कर दिया गया। इस घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए थे। काफी हंगामा मचा तो उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए कहा था कि किसी भी मरीज के इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार मरीजों के हित में लगातार कदम उठा रही है और चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि गंभीर मरीजों को तत्काल और पूरा इलाज दिया जाए। इसके बावजूद सीतापुर के एक मरीज को अस्पताल में भर्ती करने से मना कर दिया गया था, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही सामने आई है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने हाल ही में विधान परिषद में बताया था कि पहले अस्पतालों के आंकड़े दर्ज नहीं होते थे, लेकिन अब हमारे पास प्रतिदिन के आंकड़े उपलब्ध हैं।

एक पेड़ मां के नाम

नसीम अहमद खान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार माताओं–बहनों को सामाजिक, आर्थिक रूप से सशक्त करने के साथ ही उनके मान–सम्मान को बढ़ावा देने का काम पूरी ईमानदारी से कर रही है, जिसके चलते महिलाओं में एक नया आत्म विश्वास जगा है। महिलाओं को आर्थिक मदद देने के लिए संचालित महतारी वंदन योजना के चलते राज्य की 70 लाख महिलाओं को अब अपनी छोटी–मोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए किसी तरह की दिक्कत नहीं रही है। इस योजना के तहत महिलाओं के बैंक खाते में राज्य सरकार की ओर से हर महीने एक हजार रूपए की राशि पहुंच रही है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने महतारी के अनमोल योगदान के प्रतीक के रूप में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभिनव पौधरोपण अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान का उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य को और अधिक हरा–भरा बनाने, पर्यावरण का संरक्षण और महतारी का सम्मान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में 5 फरवरी 2024 को छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की माताओं और बहनों से किए अपने संकल्प को पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना की शुरूआत की थी। इस योजना के तहत राज्य की 70 लाख महिलाओं को एक हजार रूपए की मदद दी जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय महतारी वंदन योजना की छठवीं किश्त की राशि एक अगस्त को अंतरित करेंगे।छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण अभियान के तहत राज्य में हर व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यहां यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत देश में सितम्बर 2024 तक 80 करोड़ एवं मार्च 2025 तक 140 करोड़ वृक्षों के रोपण का लक्ष्य है। 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में 2 करोड़ 75 लाख पौधों का रोपण किया किया जा रहा है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत 4 जुलाई को की थी। उन्होंने रायपुर स्थित अपने निवास पर दहीमन का पौधा लगाया और नागरिकों से अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाने का आग्रह किया था।एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लोग अपनी मां के सम्मान में पेड़ लगाने के अलावा अपनी आस्था के अनुसार देवी–देवताओं के नाम पर भी पौधे लगा रहे है। सभी जिलों में ग्राम एवं पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्रामीण इलाकों में फलदार पौधे, लघु वनोपज एवं औषधीय प्रजाति के पौधों का रोपण हो रहा है। शहरी क्षेत्रों में छायादार प्रजातियां का रोपण किया जा रहा है। स्कूलों, छात्रावासों, आंगनबाड़ी केन्द्र, पुलिस चौकी, अस्पताल, शासकीय परिसर, शासकीय एवं अशासकीय भूमि, विभिन्न औद्योगिक संस्थानों की रिक्त भूमि में भी इस अभियान के अंतर्गत पौधे रोपित किए जा रहे हैं।छत्तीसगढ़ राज्य में पेड़ लगाने का यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह मातृत्व का सम्मान करने का एक अनूठा तरीका भी है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्राकृतिक आपदाओं की बारंबारता में इजाफा

केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद हुए भूस्खलन के कारण मरने वालों की संख्या 165 तक पहुंच चुकी है। 220 लापता हैं तथा 131 घायल हुए हैं। मुंडक्कई, अय्यामाला, चूरलमाला और नूलपुझा गांव में देर रात को हुई इस दुर्घटना के बाद बचाव कार्य जारी है।हजारों लोगों को बमुश्किल निकाला जा सका तथा उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम जारी है। इस बीच, मौसम विभाग भारी बरसात की चेतावनी अब भी दे रहा है।

मल्लपुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों में चेतावनी के साथ ही एर्नाकुलम, इडुक्की, त्रिशूर में भी भारी बरसात होने की संभावनाएं व्यक्त की गई हैं। वायनाड का मुख्य पुल बह जाने से सैकड़ों फंसे लोगों का बचाव मुश्किल हो गया है। ढेरों घर बह गए हैं। करीब के चाय बागान के 35 कर्मचारियों का भी पता नहीं चल पाया है। हालांकि अब तक यह पता नहीं चल सका है कि चाय बागानों में कितने मजदूर काम कर रहे थे। पांच साल पहले भी इन्हीं गांवों में भूस्खलन हुआ था, जिसमें 50 से ज्यादा घर बह गए थे। लापता लोगों में से पांच का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। इसलिए परिवार बेहाल हैं। वे अपनों को ढूंढने और अपने तबाह हो गए घर को देखने की गुहार लगा रहे हैं। मोबाइल टावरों के क्षतिग्रस्त होने से फोन सेवाएं भी बाधित हैं।

आपदा प्रबंधन दल के लिए उन इलाकों तक पहुंचने में खासी दिक्कतें आ रही हैं। वे केबल के सहारे हैं तथा हैलीकॉप्टर से घायलों को लाने–ले जाने का काम कर रहे हैं। वायनाड पठारी इलाका है जिसकी 51त्न भूमि पहाड़ी ढलान वाली है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार केरल का 43त्न इलाका भूस्खलन प्रभावित इलाका है। मानसून के दौरान यहां हमेशा जबरदस्त बरसात होती है। नदियों में बरसाती पानी के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है।

प्राकृतिक आपदाओं के चलते प्रति वर्ष देश में हजारों लोग मारे जाते हैं, और हजारों लोग बेघर हो जाते हैं। देखने में आया है कि हाल के वर्षो में प्राकृतिक आपदाओं की बारंबारता में इजाफा हुआ है। बेशक, सरकार मदद करती है, मुआवजा भी देती है। मगर इससे पीड़ितों को न तो खास राहत नहीं मिलती है, न ही सबको मिल सकती है। सरकारी महकमे की धांधली से बचाव असंभव है। सेना के तीनों अंग और एनडीआरएफ ऐसे वक्त में आपदाग्रस्त देशवासियों के खासे मददगार साबित होते हैं।

प्राकृतिक का सतुंलन बिगड़ा

ललित गर्ग

वर्तमान में भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के साथ–साथ तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए विकास की नई गाथा लिख रहा है, लेकिन इसी के साथ पर्यावरण की उपेक्षा के कारण अनेक पर्यावरण समस्याएं विनाश एवं विध्वंस का कारण भी बन रही हैं। शहरी विकास की प्रक्रिया ने गांवों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है। शहरों का अनियोजित विकास से महानगरों में असुरक्षित परिवेश, बढ़ता प्रदूषण, जल एवं शुद्ध हवा का अभाव ऐसी समस्याएं हैं, जो जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए चुनौती बन रही है। उन्नत विकास के लिए सडक़ चाहिए, बिजली चाहिए, जल चाहिए, मकान चाहिए, मैट्रो चाहिए और ब्रिज चाहिए।इन सबके लिए या तो खेत होम हो रहे हैं, या फिर जंगल। जंगल को हजम करने की चाल में पेड़, जंगली जानवर, पारंपरिक जल स्रेत सभी कुछ नष्ट हो रहा है। यह वह नुकसान है जिसका हर्जाना संभव नही है और यही पर्यावरण प्रदूषण का बड़ा कारण है। विकास की उंचाइयां छूने के साथ हमें पर्यावरण संरक्षण की सीढियां लगानी होंगी।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा हाल में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की आबादी 2060 के दशक में 1 अरब 70 करोड़ तक पहुंच जाने का अनुमान है, जैसे–जैसे आबादी बढ़ती जा रही है, पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं भी गंभीर चुनौती बनती जा रही हैं।

हमें संसाधनों के विस्तार एवं विकास की योजनाओं के बीच पर्यावरण संरक्षण को सवोच्च प्राथमिकता देनी होगी। हर विकास के अपने सकारात्मक और नकारात्मक नतीजे होते हैं। विकास योजनाओं में पर्यावरण का ख्याल रखना जरूरी है। अगर पर्यावरण की परवाह किए बिना विकास किया गया तो मनुष्य के लिए विनाश एवं विध्वंस का कारण बनेगी।वर्तमान में भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के साथ–साथ तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए विकास की नई गाथा लिख रहा है, लेकिन इसी के साथ पर्यावरण की उपेक्षा के कारण अनेक पर्यावरण समस्याएं विनाश एवं विध्वंस का कारण भी बन रही हैं। शहरी विकास की प्रक्रिया ने गांवों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है। शहरों का अनियोजित विकास से महानगरों में असुरक्षित परिवेश, बढ़ता प्रदूषण, जल एवं शुद्ध हवा का अभाव ऐसी समस्याएं हैं, जो जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए चुनौती बन रही है। उन्नत विकास के लिए सडक़ चाहिए, बिजली चाहिए, जल चाहिए, मकान चाहिए, मैट्रो चाहिए और ब्रिज चाहिए।

इन सबके लिए या तो खेत होम हो रहे हैं, या फिर जंगल। जंगल को हजम करने की चाल में पेड़, जंगली जानवर, पारंपरिक जल स्रेत सभी कुछ नष्ट हो रहा है। यह वह नुकसान है जिसका हर्जाना संभव नहीं है और यही पर्यावरण प्रदूषण का बड़ा कारण है। विकास की उंचाइयां छूने के साथ हमें पर्यावरण संरक्षण की सीढियां लगानी होंगी। अनुमान है कि 2050 के हिसाब से भारत में 70 प्रतिशत इमारतों का निर्माण होना बाकी है, ऐसे में निर्माण उद्योग को पर्यावरण अनुकूल आर्थिक पद्धति से जोडऩा भारत के आवासीय और शहरीकरण रोडमैप के लिए नितांत अपेक्षित है।

इसी तरह हर उद्योग के लिए पर्यावरण अनुकूल पद्धति को अपने कारोबार और रणनीति में जोडऩा जरूरी है। भारत जैसे विकासशील देशों में बुनियादी ढांचे के विकास की बहुत गुंजाइश और जरूरत है। अगर यह बुनियादी विकास व्यापक दायरे में और पर्यावरण के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए किया जाए तो हम देश में सतत एवं संतुलित विकास की उम्मीद कर सकते हैं। भारत में कई सडक़ परियोजनाएं संसाधनों का बुद्धिमानी से उपयोग कर रही हैं। इसका एक प्रमुख उदाहरण सडक़ निर्माण में प्राथमिक सामग्री के रूप में स्टील ग्रिट्स का पुनः उपयोग करना है। सडक़ों के किनारों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाना है।

भारत जैसे देश, जहां जनसंख्या अधिक और संसाधन सीमित हैं, में नीति–निर्माताओं के लिए पर्यावरण संरक्षणवादी होना महत्त्वपूर्ण हो जाता है। हमें हर कीमत पर पृथ्वी को बेहतर और स्वच्छ बनाने के लिए उपाय करने होंगे। अर्थशास्त्र और मानव जीवन को प्रभावित करने वाले हर पहलू में स्थायी रूप से पर्यावरण मूलक विकास करना होगा। जरूरत है तकनीकी आविष्कार की जो पर्यावरण अनुकूल अर्थव्यवस्था को संभव और सक्षम बना सके। देश में कूड़े को अलग–थलग करने के महत्त्व पर जोर दिया जाए। यह गीले कूड़े की कैलॉरी वैल्यू का पता लगाने और सूखे कूड़े को रिसाइकल करने के लिए महत्त्वपूर्ण है। केंद्र सरकार की ओर से जारी अलग–अलग दूसरे नियम जैसे प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, ई–वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, मेटल्स रिसाइकलिंग पॉलिसी इत्यादि को राष्ट्रीय पर्यावरण अनुकूल रोडमैप के साथ जरूर जोड़ा जाना चाहिए।

पर्यावरण असंतुलित होने का सबसे बड़ा कारण आबादी का बढऩा है जिससे आवासीय स्थलों को बढ़ाने के लिए वन, जंगल यहां तक कि समुद्र स्थलों को भी छोटा किया जा रहा है। पशुपक्षियों के लिए स्थान नहीं है। इन सब कारणों से प्राकृतिक का सतुंलन बिगड़ गया है और प्राकृतिक आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। वर्तमान में विकास की जो प्रक्रिया है वह पर्यावरण विनाश एवं प्रदूषण का कारण है। इसलिए यह सामयिक चुनौती है कि पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त कैसे रखा जाए? पर्यावरण–अनुकूल जीवन की ओर बदलाव हमारे ग्रह के भविष्य, मानव–जीवन के अस्तित्व, व्यक्तिगत हित और आर्थिक समृद्धि में निवेश है। हम जो भी पर्यावरण के प्रति जागरूक विकल्प चुनते हैं, वह स्वच्छ, हरित और टिकाऊदुनिया की ओर कदम है। विकास की चढ़ाई पर्यावरण की दृष्टि से नाजुक और खतरों से भरी है। कदम–कदम पर सावधानी एवं जागरूकता चाहिए वरना पलों की खता सदियों की सजा बन जाती है। बेशक, विकास के सपने देखें मगर उनको हकीकत में बदलते हुए हम क्षण–क्षण पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति भी सचेत एवं सावधान रहें।

प्रयोगशालाओं को परेशानी

वर्तमान वित्त वर्ष 2024–25 के बजट में कई वस्तुओं पर आयात शुल्क या तो हटा लिया गया है या उनमें कटौती की गयी है। लेकिन प्रयोगशालाओं में इस्तेमाल होने वाले रसायनों पर बुनियादी सीमा शुल्क में भारी वृद्धि की गयी है। पहले यह शुल्क 10 प्रतिशत ही था, पर हालिया बजट में उसे बढ़ाकर 150 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे तमाम तरह की प्रयोगशालाओं, शोध केंद्रों और विश्वविद्यालयों के अनुसंधान पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

शोध और अनुसंधान के केंद्रों के लिए बजट निर्धारित होता है, पर अधिक खर्च होने पर आवंटन बढ़ा भी दिया जाता है। रिपोर्टों के अनुसार, वित्तीय आवंटन मुहैया कराने वाली एजेंसियों ने प्रयोगशालाओं और वैज्ञानिकों को सूचित कर दिया है कि रसायनों पर खर्च में बढ़ोतरी की स्थिति में उनका आवंटन नही बढ़ाया जायेगा। इस कारण कई प्रयोगशालाओं द्वारा रसायनों के ऑर्डर रद्द करने की खबर भी है। मामूली शोध कार्य के लिए भी रसायनों की आवश्यकता होती है। ऐसे में सीमा शुल्क बढ़ाने से शोध और अनुसंधान में अवरोध पैदा हो सकता है। बड़ी प्रयोगशालाएं तो शायद किसी तरह धन की कमोबेश व्यवस्था कर भी लें, पर छोटी संस्थाओं को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि शिक्षण और शोध के लिए आवंटन में निरंतर वृद्धि हुई है, फिर भी इस खर्च के मामले में हम अनेक समकक्ष और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से पीछे हैं। रसायनों के दाम बढ़ने से शिक्षा में आवंटन बढ़ाने का दबाव भी बढ़ेगा। आइआइटी जैसे संस्थानों में रसायनों पर कुछ करोड़ रुपये हर साल खर्च होते हैं। हालिया वर्षों में देश के भीतर रसायन उत्पादन में वृद्धि हुई है, पर अभी भी बहुत से रसायनों के आयात की आवश्यकता बनी हुई है। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक शोध विभाग में पंजीकृत सरकार द्वारा वित्तपोषित शोध संस्थानों को सीमा शुल्क में कुछ वर्षों से छूट मिली हुई है। कुछ दिन पहले ही इस छूट को मार्च 2029 तक बढ़ाने की अधिसूचना जारी की गयी है। केंद्र सरकार के संबंधित विभागों, धन मुहैया कराने वाली एजेंसियों, संस्थानों और वैज्ञानिकों में इस मुद्दे पर विचार–विमर्श हो रहा है। इस संबंध में जल्दी ही आधिकारिक स्पष्टीकरण अपेक्षित है। वैज्ञानिकों को आशा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सीमा शुल्क में भारी बढ़ोतरी के अपने प्रस्ताव पर पुनर्विचार करेंगी। शोध एवं अनुसंधान पर कम खर्च तथा संसाधनों के व्यापक अभाव के बावजूद भारत उन देशों की श्रेणी में है, जो शोध पत्र प्रकाशित करने तथा पेटेंट हासिल करने में अग्रणी हैं। देश में प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़ायी जानी चाहिए, पर अगर शुल्क एवं कर बेतहाशा बढ़ाये जायेंगे, तो ऐसा हो पाना बेहद मुश्किल हो जायेगा।

मुस्लिम महिलाओं को गुजारे भत्ते का हक

अजय दीक्षित

पिछले दिन सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पारित किया है कि मुस्लिम महिलाओं को गुजारे भत्ते के बाद पूरा हक है और वे सी.आर.पी.सी. की धारा 125 (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 144) के अन्तर्गत केस दायर कर सकती हैं ।

असल में बहुत साल पहले राजीव गांधी के जमाने में शाह बानो नाम से प्रसिद्ध केस में सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा ही आदेश पारित किया था कि तलाक के बाद मुस्लिम बीवी को गुजारे भत्ते का हक है । मुस्लिम विरोध को देखते हुए तब के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने संसद से ऐसा बिल पारित करवा लिया कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला निरस्त होकर प्रभावहीन हो गया ।

वर्तमान फैसला मोहम्मद अब्दुल समद द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिया है । असल में समद की तलाकशुदा पत्नी ने फैमिली कोर्ट में तेलंगाना में एक केस दायर किया था और फैमिली कोर्ट ने महिला के हक में फैसला सनाया था । पत्नी के पति समद ने इसे पहले जिला कोर्ट में और फिर तेलंगाना हाईकोर्ट में चैलेंज किया था । दोनों कोर्टों ने महिला के पक्ष में फैसला दिया और फैमिली कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा । इसी को चैलेंज करने समद सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था । सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बैंगलोर वेंकटरमैया

नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जार्ज ने फैमिली कोर्ट के फैसले को बरकरा रखा । अब केन्द्र में वर्तमान भाजपा की सरकार राजीव गांधी की तरह इस फैसले में देखलंदाजी नहीं करेगी क्योंकि यू.सी.सी. (यूनिफॉर्म सिविल कड) केन्द्र की एक योजना है ।

कुछ राज्यों में यह लागू भी हो चुका है । इसका मतलब है कि आप किसी भी धर्म के हो, तलाक, गुजारा–भत्ता, विवाह, सम्पत्ति का बंटवारा, धर्म परिवर्तन आदि में सभी पर एक जैसा क़ानून लागू होगा । गोवा में यह नियम पुर्तगालियों के जमाने से चला आ रहा है । उत्तराखण्ड में यह लागू हो रहा है । गुजरात में भी कुछ दिनों में लागू हो जायेगा। मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम इसकी पूरी तैयारी में हैं । असल में मुस्लिम धर्मगुरु इसे शरीयत के ख़िलाफ़ मानते हैं और कहते हैं कि संविधान में,

धर्म को लेकर जो गारंटी दी गई है, यह फैसला उसके खिलाफ है । अभी देश में सिख, ईसाई, पारसी पारसी, आदिवासियों आदि के लिए बहुत से मुद्दों पर उनके अपने नियम हैं। भाजपा का कहना है कि अनेक मुस्लिम देशों ने प्रगति करके अपने तकियानूसी नियमों को छोड़ दिया है ।

अभी तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को यदि पूर्व पति गुजारा भत्ता नहीं देता है तो उसे बक्फ बोर्ड द्वारा गुजारा भत्ता दिये जाने का प्रावधान है ।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उसका फैसला सभी धर्मों की महिलाओं पर लागू हो रहा है । सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि अब वक्त आ गया है कि भारतीय पुरुष पत्नी क त्याग पहचाने, उसका संयुक्त खाता खुलवाये । पति के लिए यह जरूरी है कि वह अपनी पत्नी को नियमित घर खर्च दे । वह भावनात्मक रूप से पति पर निर्भर है ।

असल में भाजपा के प्रवक्ता जिस तेजी से मुसलमानों के रीति रिवाजों पर तंज कसते हैं, उस धर्म गुरु चिढ़े हुए हैं । हिजाब को लेकर भी बहुत से राज्यों में विवाद चल रहा है । असल में यह विचारणीय है कि यदि सिख पगड़ी पहनकर कॉलेज, स्कूल में जा सकते हैं, हिन्दू तिलक लगाकर स्कूल जा सकते हैं, ईसाई पादरियों जैसी ड्रेस में स्कूल जा सकते हैं तो फिर हिजाब को लेकर इतना हाय हुल्ला क्यों? मुस्लिम धर्म गुरुओं का कहना है कि इस वर्तमान तलाक के मामले में यह तलाक़ मुस्लिम कानून के अनुसर हुआ है, तो गुजारे भत्ते का कोई नियम मुस्लिम कानून के अनुसार ही चलना चाहिए ।

अब देखें कि विपक्ष इस पर क्या रुख़ अपनाता है । असल में भारत के मुसलमानों की अपनी चिंता है । भाजपा में कोई मुस्लिम मंत्री नहीं है न ही सांसद हैं । अतः शक तो बना ही हुआ है ।

वर्तमान फैसला मोहम्मद अब्दुल समद द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिया है । असल में समद की तलाकशुदा पत्नी ने फैमिली कोर्ट में तेलंगाना में एक केस दायर किया था और फैमिली कोर्ट ने महिला के हक में फैसला सनाया था । पत्नी के पति समद ने इसे पहले जिला कोर्ट में और फिर तेलंगाना हाईकोर्ट में चैलेंज किया था । दोनों कोर्टों ने महिला के पक्ष में फैसला दिया और फैमिली कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा । इसी को चैलेंज करने समद सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था । सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बैंगलोर वेंकटरमैया

जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा का ट्रेलर हुआ रिलीज, सामने आया अभिनेता का धांसू अवतार

जॉन अब्राहम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिनका नाम भले ही इंडस्ट्री के बड़े सितारों में शुमार नहीं हुआ, लेकिन वह अपने दम पर दर्शकों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रहे।पिछली बार शाहरुख खान के साथ फिल्म पठान में दिखे जॉन की अगली फिल्म वेदा का उनके प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार है, जिससे जुड़ीं तमाम रोचक जानकारियां सामने आ चुकी हैं।अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है।एक्शन के मामले में जॉन का कोई जवाब नहीं और वेदा के जरिए फिर उन्होंने यह साबित कर दिया है।जॉन के साथ–साथ ट्रेलर में अभिनेत्री शरवरी वाघ का भी एक्शन

अवतार देखने लायक है, जो अपने हक की लड़ाई लडऩे के लिए जद्दोजहद करती दिख रही हैं।उधर मौनी रॉय और अभिषेक बनर्जी की झलक भी ट्रेलर में दिखाई गई है, वहीं जॉन के साथ तमन्ना भाटिया की जोड़ी भी फिल्म में जंच रही है।वेदा 15 अगस्त को सिनेमाघरों का रुख करेगी। हालांकि, इस दिन यह अकेले सिनेमाघरों में दस्तक नहीं दे रही है। फिल्म स्त्री का दूसरा भाग स्त्री 2 भी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगा। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव जैसे कलाकार भूमिका में नजर आएंगे।दूसरी ओर एक्शन थ्रिलर पैन इंडिया फिल्म डबल इस्मार्ट भी काफी चर्चा में है। यह भी 15 अगस्त को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। संजय दत्त भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।ट्रेलर देख एक यूजर ने लिखा, चाहे कुछ भी कहो, लेकिन जॉन अपनी हर फिल्म में कुछ अलग ट्राय करते हैं।एक ने लिखा, जॉन आ रहे हैं, वो भी स्वतंत्रता दिवस पर मतलब एक सुपरहिट फिल्म मिलने वाली है।

सबालेंका ने अजारेंका को हराकर डीसी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई

वाशिंगटन डी.सी.,दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन, आर्यना सबालेंका ने साथी बेलारूसी विक्टोरिया अजारेंका को 6–4, 6–4 से हराकर डीसी ओपन के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।दूसरे सेट में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद, सबालेंका की शक्तिशाली सर्विस और लचीलेपन ने उन्हें जीत की ओर प्रेरित किया। उन्होंने आठ एस लगाए और अजारेंका की गलतियों का फायदा उठाया और अनुभवी खिलाड़ी पर लगातार चौथी जीत के साथ अपने आमने–सामने के रिकॉर्ड को 5–1 तक सुधार लिया। इस साल की शुरुआत में अपना लगातार दूसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाली सबालेंका ने कंधे की चोट के कारण दोनों खिलाडिय़ों के विंबलडन से हटने के बाद अपनी बढ़ती फॉर्म और फिटनेस का प्रदर्शन किया।

भारत का हॉकी क्वार्टरफाइनल में ग्रेट ब्रिटेन से मुकाबला

पेरिस, पेरिस ओलांपिक में शानदार प्रदर्शन कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम का क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन से रविवार को मुकाबला होगा।

रविवार 4 अगस्त को, पूल ए विजेता जर्मनी का क्वार्टर फाइनल मुकाबला रियो 2016 के स्वर्ण पदक विजेता अर्जेंटीना से होगा, जो पूल बी में चौथे स्थान पर रहा, पूल बी टेबल–टॉपर्स और मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम का सामना पूल ए की चौथे स्थान पर रहने वाली टीम स्पेन से होगा।नीदरलैंड पूल ए में दूसरे स्थान पर रहा और अब अंतिम आठ में उसे पूल बी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला करना होगा, जिसमें पूल बी उपविजेता भारत पूल ए में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा।भारतीय पुरुष टीम ने म्यूनिख 1972 के लगभग 52 साल बाद ऑस्ट्रेलिया पर अपनी पहली

ओलंपिक हॉकी जीत हासिल की, क्योंकि टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कूकाबुरास के खिलाफ 3–2 की जीत में दो बार स्कोर करके पूल में दूसरा स्थान सुनिश्चित किया। मॉस्को 1980 के बाद भारत को अपना पहला स्वर्ण पदक दिलाने की उम्मीद रखने वाले हरमनप्रीत ने कहा, हमने (टूर्नामेंट) जीत के साथ शुरू किया था, और हमने फैसला किया कि हम एक विजयी मैच के साथ समापन करेंगे।भारत के शमशेर सिंह ने अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक व्यक्तिगत उपलब्धि हासिल की।टूर्नामेंट के सेमीफाइनल विजेता टीमों के बीच छह अगस्त को खेले जाएंगे। भारत ने पिछले टोक्यो ओलम्पिक में कांस्य पदक जीता था।

घटती कमाई के बावजूद बैड न्यूज 55 करोड़ के हुई पार, मैदान का तोड़ा रिकॉर्ड

विक्की कौशल स्टारर बैड न्यूज ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी. फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू मिला था जिसके बाद इस रोमांटिक–कॉमेडी ड्रामा ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया. हालांकि दूसरे हफ्ते में बैड न्यूज की कमाई की रफ्तार काफी कम हो गई है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 13वें दिन यानी कितना कलेक्शन किया है?बैड न्यूज अक्षय कुमार और करीना कपूर की साल 2019 में आई फिल्म गुड न्यूज़ की स्प्रिचुअल सीक्वल है. जहां गुड न्यूज़ इन विट्रो फर्टिलाइजेशन पर बेस्ड थी तो वहीं ह्यबैड न्यूज हेटेरोपैटरनल सुपरफेकुंडेशन पर बनी है. इस रिप्रॉडक्टिव प्रोसेस में जुड़वां बच्चे एक ही मां से पैदा होते हैं लेकिन उनके बायोलॉजिकल फादर अलग–अलग होते हैं. फिल्म के अलग कॉन्सेप्ट और विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की तिकड़ी ने बैड न्यूज को लेकर काफी हाईप क्रिएट कर दिया था जिसके चलते फिल्म ने अच्छी शुरुआत की और ओपनिंग वीकेंड पर भी तगड़ी कमाई की. हालांकि इसके बाद से फिल्म के कलेक्शन का ग्राफ ऊपर–नीचे हो रहा है. फिलहाल ये फिल्म दूसरे हफ्ते हैं और इसकीकमाई की बात करें तो ह्यबैड न्यूजह्न ने पहले दिन 8.3 करोड़ का कलेक्शन किया था और पहले हफ्ते में फिल्म ने 42.85 करोड़ कमाए. वहीं दूसरे हफ्ते के दूसरे फ्राइडे बैड न्यूज का कारोबार 2.15 करोड़, दूसरे शनिवार 3.25 करोड़, दूसरे रविवार 3.75 करोड़, दूसरे सोमवार 1.2 करोड़ और दूसरे मंगलवार 1.4 करोड़ रहा. वहीं अब ह्यबैड न्यूजह्न की रिलीज के 13वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

एक्शन ड्रामा फिल्म उत्तराखंड से शिव राजकुमार का फर्स्ट लुक आया सामने

टीम उत्तराखंड ने करुणादा चक्रवर्ती डॉ. शिवराजकुमार के जन्मदिन के अवसर पर उनके बहुप्रतीक्षित लुक का खुलासा किया है। मालिका की भूमिका में शिवन्ना के लुक ने उत्साह को जगा दिया है।

टीम उत्तराखंड ने पात्रों और उनके पोस्टरों को पेश करने के लिए एक अनोखे तरीके का इस्तेमाल किया है, और अब शिवन्ना के लुक को सामने लाकर वे चर्चा का विषय बन गए हैं। डॉ. शिवराजकुमार एक बड़े स्टार हीरो हैं और अपने नए अवतारों से अपने प्रशंसकों का मनोरंजन करने में कभी असफल नहीं हुए हैं।

आईबीए एंजेला कैरिनी को 50,000 डॉलर की पुरस्कार राशि देगा

पेरिस, इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (आईबीए) ने घोषणा की है कि वह पेरिस ओलंपिक में अल्जीरियाई मुक्केबाज इमाने खलीफ के खिलाफ वेल्टरवेट राउंड–ऑफ–16 मुकाबले से हटने के बाद इटली की एंजेला कैरिनी को 50,000 डॉलर की पुरस्कार राशि देगी।

यह मैच, जो केवल 46 सेकंड तक चला, कैरिनी खलीफ़ के आक्रमक मुक्कों से अभिभूत हो गई, जिसके कारण वह जल्दी बाहर हो गई। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा अंतरराष्ट्रीय मान्यता छीन लिए गए आईबीए ने यह भी कहा कि कैरिनी के महासंघ और कोच प्रत्येक को 25,000 डॉलर मिलेंगे। इस घटना ने

खेलों में लैंगिक पात्रता पर व्यापक विवाद को जन्म दे दिया है। आईबीए के पात्रता नियमों में असफल होने के कारण 2023 विश्व चैंपियनशिप में दोनों एथलीटों को अयोग्य घोषित किए जाने के बावजूद, खलीफ को ताइवान के डबल विश्व चैंपियन लिन यू–टिंग के साथ पेरिस में प्रतिस्पर्धा करने के लिए मंजूरी दे दी गई थी। ये नियम पुरुष गुणसूत्र वाले एथलीटों को महिलाओं की स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने से रोकते हैं।

आईबीए द्वारा जारी एक बयान में राष्ट्रपति त्रेमलेव ने कहा, मैं उसके आँसू नहीं देख सका। मैं ऐसी स्थितियों के प्रति उदासीन नहीं हूं, और मैं आश्वस्त कर सकता हूं कि हम प्रत्येक मुक्केबाज की रक्षा करेंगे। मुझे समझ नहीं आता कि वे महिला मुक्केबाजी को क्यों मार देते हैं। सुरक्षा के लिए केवल योग्य एथलीटों को ही रिंग में प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए।

एरालियर, इतालवी प्रधान मंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी इस पर विचार किया और कहा कि कैरिनी को शारीरिक रूप से मजबूत मुक्केबाज का सामना करना पड़ा, जिससे यह समान लोगों के बीच की लड़ाई नहीं है।

एक नजर

छात्रों ने विवि प्रशासन के खिलाफ किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : बीएड और पीजी प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित नहीं होने पर आल डंडिया डीएसओ छात्र संगठन ने गढ़वाल विवि प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने विवि के खिलाफ नारेबाजी करते हुए परीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग की। ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट यूनियन की ऑल इंडिया काउंसिल मेंबर और गढ़वाल विवि में पीएचडी छात्रा रेशमा पंवार ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि एक साल पूरा हो चुका है, लेकिन अभी तक भी कई विषयों के विषम सेमेस्टर के रिजल्ट घोषित नहीं किए गए हैं। यह पूरी तरह छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। पूर्व छात्रा प्रतिनिधि मोनिका चौहान ने कहा अति शीघ्र परीक्षा परिणामों को घोषित किया जाए। प्रदर्शन में प्रिया, निशा, संजय, भानु, अमित, अनुराग आदि छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। (एजेंसी)

डायरेक्टर और असिस्टेंट डायरेक्टर की नियुक्ति निरस्त की जाएं

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में आरक्षित सीटों को सामान्य किए जाने को लेकर चल रहा छात्रों का धरना शनिवार को भी जारी रहा। आर्यन और एबीवीपी से जुड़े छात्रों ने डिपार्टमेंट ऑफ आर्ट्स एवं कल्चर में होने वाली नियुक्तियों को निरस्त करने की मांग उठाई है। आर्यन छात्र संघठन के आकाश रतूड़ी ने कहा कि छात्र नौ सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन विवि प्रशासन लगातार अनदेखी कर रहा है। कहा कि छात्र आरक्षित सीटों को सामान्य किए जाने, कमेटी मेंबर्स के खिलाफ उचित कार्यवाही कर उन्हें निलंबित करने, आरटीआई के माध्यम से री-चेकिंग और स्पेशल बैंक का प्रावधान शुरू करने, नॉन टीचिंग पदों पर नियुक्तियों को शुरू करने, कार्यकारिणी परिषद के सभी सदस्यों की मेल आईडी विवि की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने, मृतक आश्रितों की भर्ती करने, रजिस्ट्रार एवं परीक्षा नियंत्रक के पदों पर स्थाई नियुक्ति की मांग को लेकर लगातार आवाज उठा रहे हैं। छात्रों ने कहा कि विवि का रवैया ऐसा ही रहा तो आंदोलनरत छात्र गढ़वाल विवि के प्रशासनिक भवन को खुद बंद करने के लिये मजबूर होंगे। मौके पर अमन पंत, दीपांशु मलवाल,साहित्य जोशी, जसवंत, पीयूष आदि मौजूद रहे।

न्यायालय के आदेश पर दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

श्रीनगर गढ़वाल : भूमि पर जबरन कब्जा करने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) श्रीनगर के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। श्रीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक होशियार सिंह पंखोली ने बताया कि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूनम तिवाड़ी ने 12 मई को न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीनगर में भूमि पर जबरन कब्जा करने की नीयत से प्रांगण में घुसकर और प्रागंण में लगे मोरपंखी के पेड़ों को काटकर क्षतिग्रस्त करने के साथ ही गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने पर प्रार्थना पत्र दिया था। बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीनगर ने संज्ञान लेते हुए पुलिस को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश जारी किए। बताया कि मामले में मातवर सिंह नेगी किंकालेश्वर मोहल्ला पौड़ी और हरीश सडाना पौड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया कि मामले की जांच अपर उपनिरीक्षक विरेंद्र बृजवाल को सौंपी गयी है। (एजेंसी)

लोक अदालत 5 अगस्त को

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : आयुक्त गढ़वाल मण्डल के निर्देशन पर 05 अगस्त (सोमवार) को जिला कार्यालय में लोक अदालत आयोजित की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ईला गिरी ने बताया कि जिलाधिकारी गढ़वाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में 11 बजे से लोक अदालत आयोजित की जायेगी। जिसमें जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, पौड़ी में लम्बित/विचाराधीन भवन मानचित्र पत्रावलियों का त्वरित निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने ऐसे व्यक्ति जिनकी पत्रावली जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, पौड़ी में लम्बित है, उन्हें लोक अदालत में अपने अभिलेखीय साक्ष्यों सहित उपस्थित होने को कहा।

संतन सिंह बनें अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शनिवार को ठेकेदार संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में संतन सिंह को अध्यक्ष, शैलेंद्र नौटियाल को सचिव, आलोक नेगी को उपाध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह को संगठन मंत्री, मुकेश कंडारी को कोषाध्यक्ष, किशोर लखेड़ा को संरक्षक, वीरेंद्र रावत को संयुक्त सचिव, आशीष रावत को सहसचिव व कुलदीप बंगारी को महामंत्री चुना गया है।

चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन युवक गिरफ्तार

चोरी का सामान व मोटर साइकिल बरामद

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोतवाली पुलिस ने शहर में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार कर कर लिया है। युवकों से चोरी का सामान व मोटर साइकिल भी बरामद की गई है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि गत शुक्रवार को लकड़ीपड़ाव कोटद्वार निवासी मोहम्मद कासिम पुत्र शफी उल्लाह ने शिकायत दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी दुकान का ताला तोड़कर दुकान से बर्तन व मोटरसाइकिल चोरी कर दी है।

सूचना के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। श्रीमती जया बलोनी अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार के निर्देशन, विभव सैनी पुलिस उपाधीक्षक कोटद्वार के पर्यवेक्षण, प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार मणिभूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा तत्काल थाना क्षेत्र में सम्भावित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों को चैक करते हुये व पतारसी सुरागरसी कर उक्त अभियोग में संलिप्त अभियुक्त अमन, शाहरुख व फारूक निवासी स्टेथ्डयम कॉलोनी, लकड़ीपड़ाव, कोटद्वार को शुक्रवार देर सांय को चोरी का सामान बर्तन, इलैक्ट्रॉनिक तराजू और एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक किशन दत्त शर्मा, मुख्य आरक्षी चरण पंवार, आरक्षी दीपक कुमार, चन्द्रपाल, गौरव यादव शामिल थे।

पौड़ी में कर्मचारियों ने किया कार्यबहिष्कार

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : परिवहन विभाग के मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों ने फिर से कार्य बहिष्कार के साथ ही आंदोलन शुरू कर दिया है। पूर्व तय कार्यक्रम के अनुसार उन्होंने दो घंटे का कार्य बहिष्कार कर उच्चाधिकारियों की कार्य शैली के खिलाफ नाराजगी जताई। कहा कि उच्चाधिकारियों के आश्वासन के बावजूद भी उनकी मांग की अनदेखी की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। शनिवार को प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर आरटीओ कार्मिकों ने सुबह 10 से 12 बजे तक कार्यबहिष्कार किया। इस दौरान संघ की जिला अध्यक्ष मीरा रावत ने बताया कि 27 जुलाई को उच्चाधिकारियों के आश्वासन पर उन्होंने आंदोलन को स्थगित किया था। बावजूद इसके उनकी मांग को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। बताया कि बीते 15 जून को रुद्रप्रयाग हादसे के बाद आरटीओ कर्मियों को निलंबित कर दिया गया। जो कि सही नहीं था। इससे विभागीय मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों में नाराजगी है।

शैल शिल्पी विकास संगठन ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शैल शिल्पी विकास संगठन के अध्यक्ष विकास आर्य ने सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संवैधानिक पीठ द्वारा 1 अगस्त 2024 को दिए गए उस फैसले पर रोष व्यक्त किया है। जिसमें पीठ ने राज्य सरकारों को अपने-अपने राज्यों में अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को मिलने वाले संवैधानिक आरक्षण का उप वर्गीकरण कर इन जातियों को आरक्षण देने संबधी निर्देश दिया था। कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला किसी भी दृष्टि से स्वागत योग्य नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस दुर्भाग्यपूर्ण फैसले में तर्क दिया है कि, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों की सभी उपजातियां को आरक्षण का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है एवं कुछ जातियां ही आरक्षण का लाभ लेकर आगे बढ़ रही है। शनिवार को यहां जारी एक बयान में विकास आर्य ने कहा कि एक ओर जहां देश के संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने आजादी के बाद देश का संविधान निर्माण कर हजारों वर्षों से असमानता, शोषण का दंश झेल रहे करोड़ों वंचित लोगों को संवैधानिक रूप से आरक्षण के दायरे में लाकर उन्हें एक किया, लेकिन 1 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संवैधानिक पीठ ने अपने फैसले में राज्य सरकारों को यह अधिकार दे दिया कि वह अपने-अपने राज्यों में अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को मिलने वाले संवैधानिक आरक्षण का उप वर्गीकरण कर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समाज को अलग-अलग धड़ों में विभाजित कर आरक्षण दे सकती हैं। कहा कि आरक्षण पर दिए गए इस निराधार फैसले से पूर्व सुप्रीम कोर्ट को राज्यों को निर्देशित करना चाहिए था कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के जितने भी पद विभिन्न सरकारी विभागों में वर्षों से खाली पड़े हैं उन्हें भरा जाए। अगर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार आरक्षण का उपवर्गीकरण होता है, तो इन वर्गों का विभाजित होकर टूटना तय है।

चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग को सीएमओ को भेजा ज्ञापन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी ने बेस अस्पताल में रिक्त पदों पर चिकित्सकों की शीघ्र नियुक्ति की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में सीएमओ पौड़ी को ज्ञापन भेजा है। कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों के पद रिक्त होने की वजह से मरीज देहरादून, दिल्ली, मेरठ सहित अन्य शहरों में जाने को मजबूर है।

शनिवार को समिति के अध्यक्ष ने बेस चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से जिला पौड़ी के मुख्य चिकित्साधिकारी ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि गढ़वाल मंडल सहित जिला बिजनौर से भी कई मरीज अपना इलाज कराने कोटद्वार स्थित बेस अस्पताल आते हैं। लेकिन वर्तमान में अस्पताल में गुर्दा रोग, हृदय रोग व चर्म रोग के चिकित्सकों के पद रिक्त चल रहे हैं। इस कारण ऐसी बीमारियों के मरीजों को बिना उपचार के ही वापस लौटना पड़ रहा है। कहा कि समिति लंबे समय से अस्पताल में चिकत्सकों की तैनाती की मांग कर रही है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण अस्पताल आने वाले मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनहित में जल्द से जल्द अस्पताल में चिकित्सकों की तैनाती की जानी चाहिए।

जगदीश राठी को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

अल्मोड़ा में आयोजित जनपदीय अधिवेशन में शिक्षक जगदीश राठी को सम्मानित करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शिक्षक एसोसिएशन के जनपदीय अधिवेशन अल्मोड़ा में शैक्षिक एवं सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जगदीश राठी को अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने जगदीश राठी को सम्मान मिलने पर खुशी जताई है।

एसोसिएशन के प्रांतीय संरक्षक सोहन लाल, भारत भूषण शाह, संजय भाटिया ने कहा कि जगदीश राठी विगत 11 वर्षों से समग्र समाज के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक सामग्री, कपड़े आदि उपलब्ध करवाते है। छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति योजनाओं में लाभ के लिए भी तत्पर है। सोशल मीडिया ऐक्टिविस्ट के तोर पर प्रखरता से समाज के हर मुद्दे पर विचार लेखन, साथ ही शैक्षिक कार्यों में अभिनव एवं नवाचारी शिक्षण में भी योगदान देते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जगदीश राठी जैसे सर्व समाज हितार्थ कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित करने से इस क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों को प्रेरणा मिलती है।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

पत्रांक 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 02.08.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल अभियंता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नही होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

Tender No. Date	97-DRM-MB-24-25 dt. 02.08.2024	98-DRM-MB-24-25 dt. 02.08.2024
Name of work	(Zone no. 1 MB) (Km.1381 to 1407) DLP-HRH All service building in MB yard between Sambhal side ROB to kapoor company, FOB and station building, Good shed, washing line etc including wood, steel, and road work in the section of JE/I/W/station/MB and all residential building in North side of PF No 1 and up to kapoor company and near goods shed in the section of JE/I/W/station/MB including wood work, steel work, road work under ADEN/HQ/MB.	ZONE 01(2024-25) from BE-CH section (excluding BE) for staff qtrs & service building under ADEN/CH.
Tender Closing Date Time	26.08.2024	26.08.2024
Advertised Value (Rs.)	94,99,999.51	1,49,99,998.70
Earnest Money (Rs.)	1,90,000.00	2,25,000.00
Tender Cost (Rs.)	00.00	00.00
Bidding Start Date	12.08.2024	12.08.2024
Period of Completion	12 Month	12 Month

2387/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

डेंगू को रोकने के लिए गंभीरता से कार्य करें अफसर : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने शुक्रवार को एनआईसी कक्ष में डेंगू की रोकथाम को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि डेंगू के प्रति लापरवाही न बरतें। कहा कि इसकी रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करें।

जिलाधिकारी ने डेंगू रोकथाम की बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम श्रीनगर, कोटद्वार व नगर पंचायत जोंक के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को मच्छरों से बचने के लिए फुल बाजू के कपड़े व हर विद्यालय में गुड नाइट लगाना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कोटद्वार में अलाईजा टेस्ट बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कहा कि आशा कार्यकत्रियों के माध्यम से घर-घर जाकर जिन्हें तेज बुखार, सरदर्द, थकान सहित अन्य दिक्कतें हो रही है उन्हें चयनित कर उनका टेस्ट कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी श्रीनगर, कोटद्वार व यमकेश्वर को डेंगू की रोकथाम के लिए गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बारिश का मौसम में डेंगू का खतरा बढ़ जाता है और ऐसे में जरूरी है कि सभी जागरूक रहे। उन्होंने नगर निकायों को कहा कि लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाएं और पानी का जमाव न हो, इस पर ध्यान दिया जाए। कहा कि नियमित रूप से फॉगिंग करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि किसी व्यक्ति पर डेंगू की पुष्टि होती है तो उन्हें उपचार देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लिए जा रहे सैंपल की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी, नगर निकाय व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

बच्चों और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता

-डायरिया से बचाव को अभियान शुरू, 31 तक चलेगा

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : शनिवार को जिले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डायरिया रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिले की सभी चिकित्सा इकाइयों में यह अभियान 31 अगस्त तक चलेगा। अगर डायरिया के लक्षण लंबे समय तक बने रहें या गंभीर हों, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना आवश्यक है। विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों में डायरिया के मामलों में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

सीएमओ डा. प्रवीण कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य डायरिया के कारण होने वाली शिशु मृत्यु को रोकना है। बताया कि अभियान के दौरान सभी चिकित्सा ईकाइयों में ओआरएस और जिंक कार्नर स्थापित किए जाएंगे। साथ ही आशा कार्यकर्ता और एएनएम द्वारा घर-घर जाकर जिंक और ओआरएस वितरण के साथ ही डायरिया के प्रति आमजन को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। बताया कि डायरिया दूषित पानी और दूषित भोजन करने से हो सकता और बरसात में डायरिया होने की आशंका बढ़ जाती है। अभियान के तहत डायरिया से बचाव की जानकारी लोगों को दी जाएगी।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई–टेंडर निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेंडर संख्या/दिनांक	99-DRM-MB-24-25 Date: 03.08.2024	100-DRM-MB-24-25 Date: 03.08.2024	101-DRM-MB-24-25 Date: 03.08.2024	91-DRM-MB-24-25 Date: 03.08.2024	92-DRM-MB-24-25 Date: 03.08.2024
कार्य का नाम	Zone No. 2 General annual repair work at service buildings & staff quarters from km 1186 to 1235 including wood & road work for zone year 2024-25 in the section of SSE/W/RAC under ADEN/SPN.	Renewal of turnouts & other associated works under ADEN/SPN.	Through Turnout Renewal (TTR) with Thick Web switches (TWS) under ADEN/BE.	Misc. P.way works in c/w track maintenance in the section of SSE/P.way/BE (Except BE Yard) under ADEN/BE	Misc. P.way works in c/w track maintenance in the section of SSE/P.way/RMU under ADEN/BE
टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय	29.08.2024 (16:00 hrs.)	29.08.2024 (16:00 hrs.)	29.08.2024 (16:00 hrs.)	29.08.2024 (16:00 hrs.)	29.08.2024 (16:00 hrs.)
अनुमानित लागत	₹1,14,99,365.61	₹74,59,357.16	₹57,94,436.01	₹69,95,841.28	₹69,95,841.28
धरोहर राशि	₹2,07,500.00	₹1,49,200.00	₹1,15,900.00	₹1,39,900.00	₹1,39,900.00
बिडिंग आरंभ तिथि	15.08.2024	15.08.2024	15.08.2024	15.08.2024	15.08.2024
ऑफर की वैधता	60 Days	60 Days	60 Days	60 Days	60 Days
कार्य पूर्ण करने की अवधि	12 Months	12 Months	12 Months	12 Months	12 Months

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication सं.: 03.08.2024 2385/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चीरबासा हैलीपैड़ हैली सेवाओं के लिए हुआ तैयार

रेस्क्यू कार्यों को सुगमता से करने में मिलेगी मदद

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : केदारघाटी में अतिवृष्टि के बाद से कई मार्ग आवाजाही हेतु बंद हो गए थे। जिन्हें खोले जाने के लिए विभिन्न रेस्क्यू टीमें लगातार अभियान चलाए हुए है।

शनिवार को जिला प्रशासन को बड़ी कामयाबी तब मिली जब एसडीआरएफ की टीम ने लैंड स्लाइड के चलते बंद पड़े चीरबासा हेलीपैड को दुरुस्त किया। यह हेलीपैड दुरुस्त होने से रेस्क्यू अभियान में बड़ी मदद मिली।

जिला अधिकारी सौरभ गहरवार पहले दिन से ही चीरबसा हेलीपैड संचालित करने को प्रयासरत थे। शनिवार को कमांडेंट एसडीआरएफ मणिकांत मिश्रा अपनी टीम के साथ भीमबली हैलीपैड पर उतरे जहां से पैदल ट्रैक को ठीक करते हुए चीरबासा पहुंचे। उन्होंने बताया कि अतिवृष्टि के कारण केदारनाथ पैदल मार्ग के मुख्य पड़ाव चीरबासा हैलीपैड़ हैली सेवाओं हेतु पूर्णतः बाधित हो गया था। शनिवार को एसडीआरएफ की टीम द्वारा बाधित हुए चीरबासा को हैली हेतु सुचारू कर दिया गया है जो रेस्क्यू टीमों के लिए बड़ी राहत है। शनिवार दोपहर साढ़े तीन बजे तक चीरबासा हैलीपैड़ से करीब 40 लोगों को रेस्क्यू किया गया।

बताया कि अब हैली सेवाओं के माध्यम से चीरबासा से रेस्क्यू कार्यों को और भी आसानी व सुगमता से किया जा सकेगा।

6 अगस्त से शुरू होगी सुरक्षा जवानों की भर्ती

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जनपद के सभी ब्लॉकों में सुरक्षा जवानों एवं सुरक्षा सुपरवाइजरों की भर्ती रैली आयोजित की जा रही है। जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एसआईएस कंपनी द्वारा सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर पदों पर भर्ती के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

एसआईएस लिमिटेड भारत की बहुराष्ट्रीय कंपनी है जो पूरे भारतवर्ष में सुरक्षा सर्विस प्रदान करने का कार्य करती है। भर्ती अधिकारी विजय पाल मौर्या ने बताया कि 06 व 07 अगस्त को जोशीमठ, 08 व 09 को दशोली, 10 व 11 को नन्दानगर, 12 व 13 पोखरी, 14 व 15 को नारायणबगड़, 16 व 17 को देवाल, 19 व 20 को थराली, 21 व 22 को गैरसैंण और 23 व 24 को कर्णप्रयाग सुबह 10 बजे से शाम 03 बजे तक भर्ती शिविर लगाए जाएंगे। किसी भी ब्लॉक का अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में आवेदन कर सकता है। बताया कि सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक मापदंड लम्बाई सुरक्षा जवान 168 सेमी. व सुपरवाइजर 170 सेमी., वजन 55 किग्रा. से 90 किग्रा. के बीच हो, सीना 80 सेंमी. से 85 सेंमी., उम्र 19 वर्ष से 40 वर्ष के बीच हो और शैक्षिक योग्यता कम से कम सुरक्षा जवान 10वीं पास व फेल, सुपरवाइजर 12वीं पास और कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है। चयनित उम्मीदवार को प्रशिक्षण व ट्रेनिंग के लिए एसआईएस ट्रेनिंग सेंटर देहरादून भेजा जाएगा।

ग्राम सभा पैण्डुला में पेयजल आपूर्ति ठप, लोग परेशान

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक के ग्राम सभा पैण्डुला में पेजयल आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप है। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान पैण्डुला सुनय कुकशाल ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन प्रेषित किया। कुकशाल ने कहा कि ग्राम सभा पैण्डुला में पेयजलापूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को लेकर विभागीय अधिकारियों को कई बार बताया गया है, बावजूद भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गयी है। बताया कि पानी नहीं आने के कारण भोजन माताओं को मिड डे मिल बनाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ग्राम सभा में शुद्ध पेयजलापूर्ति सुचारु कराये जाने को लेकर टैंकर की व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

तहसील दिवस 6 अगस्त को

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : देवाल में 06 अगस्त को तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आम जनमानस की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करने के लिए 06 अगस्त प्रथम मंगलवार को अपर जिलाधिकरी विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में देवाल ब्लॉक सभागार में 11 बजे से 2 बजे तक तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से तहसील दिवस में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए है।

कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा

उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग

पत्रांकः- 2878/18ए0सी0 दिनांकः- 30/07/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 13/08/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 05/08/2024 से 12/08/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 13/08/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं :-

1- अधीक्षण अभियन्ता, 12 वां वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
3- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 4- अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	निविदा की वैधता	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदारों की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	जिला योजना के अन्तर्गत रतनपुर-जीतपुर मोटर मार्ग के कि0मी0 1 (चै0 0.000 से 0.500) में भवनों की सुरक्षा हेतु सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य।	45,000.00	1,500.00+ जी0एस0टी0	60 दिन	01 माह	मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर।
2	जिला योजना के अन्तर्गत रतनपुर-जीतपुर मोटर मार्ग के कि0मी0 1 (चै0 0.500 से 1.000) में भवनों की सुरक्षा हेतु सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य।	45,000.00	1,500.00+ जी0एस0टी0	60 दिन	01 माह	मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर।
3	दैवीय आपदा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत विकास खण्ड द्वारीखाल के मुख्यालय डाडामण्डी के समीपवर्ती मार्गो को यातायता खोलने हेतु supply of excavator cum back hoe loader tyre mounted जैसे जे0सी0बी0, टाटा एल0एण्डटी0/स्लिप सफाई मशीन द्वारा स्लिप सफाई का कार्य। (अवशेष कार्य) (मशीन का मुख्यालय-डाडामण्डी)	21,000.00	1000.00+ जी0एस0टी0	45 दिन	01 माह	मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर।

निविदा दिनांक 14/08/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
दुगड्डा (गढ़वाल)

एक नजर

डीएवी में 250 लोगों ने कराया आंखों का चेकअप

देहरादून। डीएवी (पीजी) कालेज में शुक्रवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ने राही नेत्रधाम और श्री ओम फाउंडेशन के सहयोग से निशुल्क नेत्र स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें ढाई सौ लोगों ने अपनी आंखों का चेकअप करवाया।जिनमें संकाय सदस्य, गैर–शिक्षण कर्मचारी और छात्र शामिल हुए। शिविर में शंकरा नेत्रालय और गुवाहाटी के श्री शंकरदेव नेत्रालय के विशिष्ट नेत्र रोग विशेषज्ञों डॉ. चिंतन देसाई, डा. मोहित वर्मा औ डा. ईशा अग्रवाल ने लोगों की जांच की। जांच में मोतियाबिंद की जांच व निदान, काला मोतियाबिंद की जांच, रेटिना की जांच, डायबिटिक रेटिनोपैथी की जांच और बच्चों के नंबर की जांच शामिल थी। प्राचार्य प्रो सुनील कुमार ने बताया की शिविर का मुख्य उद्देश्य कॉलेज के संकाय, गैर–शिक्षण कर्मचारी और छात्रों को व्यापक नेत्र स्वास्थ्य जांच प्रदान करना था। प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. ओनिमा शर्मा ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करने की योजना है।

हृदय रोग में टीएवीआर तकनीक से किया सफल इलाज

देहरादून। श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एण्ड हेल्थ साइंसेज़ ने टीएवीआर तकनीक से सफल इलाज का दावा किया है। साथ ही दावा किया कि इस तकनीक का इस्तेमाल करने वाला एसजीआरआर पहला मेडिकल कॉलेज बना है।श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय पंडिता ने बताया कि पिथौरागढ़ के बंशीराम को लंबे समय से हृदय से जुड़ी बीमारी थी। अस्पताल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.साहिल महाजन ने प्रारम्भिक परीक्षण में एओआरटिक सिनोसिस की समस्या पाई। कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. साहिल महाजन, डॉ.अभिषेक मित्तल, सर्जन डॉ. अशोक जयंत ने टीएवीआर तकनीक से उपचार का फैसला लिया। डेढ़ घंटे तक चले सफल इलाज के बाद मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के चेयरमैन श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने पूरी टीम को तकनीक के सफल प्रयोग की बधाई दी।

दून अस्पताल में एंडोस्कोपी की नियमित सुविधा मिलेगी

देहरादून। दून अस्पताल में मरीजों को अब एंडोस्कोपी की सुविधा नियमित रूप से मिलने लगेगी। शनिवार को अस्पताल में मेडिकल संकाय के सदस्यों के साथ ही छात्रों और स्टॉफ को ट्रेनिंग दी गई।चिकित्सा शिक्षा के महानिदेशक डॉ.आशुतोष सयाना की पहल पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. पंकज दीक्षित ने दून अस्पताल में संकाय सदस्यों के साथ ही पीजी छात्रों को ट्रेनिंग दी। उन्होंने एंडोस्कोपी की बारीकियां समझाईं। यह ट्रेनिंग अस्पताल में नियमित तौर पर एंडोस्कोपी की सुविधा देने के लिए दी जा रही है। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अनुराग अग्रवाल, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धनंजय डोभाल, डा.मोहित गोयल, डॉ.केसी पंत समेत अन्य मौजूद रहे।

कॉरिडोर के मुददे पर कांग्रेस 8 अगस्त को करेगी जनाक्रोश सभा

हरिद्वार। मोती बाजार सब्जी मंडी में जिला महानगर कांग्रेस ने व्यापारियों के साथ कॉरिडोर को लेकर बैठक की। इसमें सरकार से डीपीआर को सार्वजनिक करने की मांग उठाई गई। आरोप लगाया कि सरकार व्यापारियों को गुमराह कर रही है। तय किया कि आठ अगस्त को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कॉरिडोर के मुद्दे को लेकर जनाक्रोश सभा करेगी। महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग और महासचिव विपुल गोस्वामी ने कहा कि पिछले एक वर्ष से ज्यादा समय से व्यापारी और कॉरिडोर से प्रभावित लोग परेशान हैं लेकिन किसी भी स्थानीय जनप्रतिनिधि ने कोई सुध नहीं ली।

बैठक कहा गया कि सरकार व्यापारी हित में कॉरिडोर की डीपीआर सार्वजनिक करे। आठ अगस्त को बड़ी सब्जी मंडी में जनाक्रोश सभा को पार्टी प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा संबोधित करेंगे। तीर्थ पुरोहित रमन वशिष्ठ ने कहा कि कॉरिडोर की योजना को लेकर व्यापारियों में डर का माहौल है।

फैक्ट्री से निकाले कर्मचारी ने मैनेजर की कार तोड़ी, केस दर्ज

हरिद्वार। बहादराबाद। फैक्ट्री से निकले गए एक कर्मचारी ने रास्ते कंपनी के अधिकारी की कार रोककर उसमें तोड़ फोड़ कर दी। आरोप है कि उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार ज्वालापुर घोसियान निवासी वलीउल्लाह बहादराबाद की एक दवाई बनाने वाली कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

गढ़वाल सांसद ने किया केदारघाटी का निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी आज आपदाग्रस्त क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करने सोनप्रयाग पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हवाई निरीक्षण के साथ ही स्थलीय निरीक्षण कर प्रभावित लोगों एवं रेस्क्यू कर लाए जा रहे यात्रियों से कुशलक्षेम पूछी। केदारघाटी में विगत दिनों हुई अत्यधिक बारिश के कारण उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पड़ावों में फंसे हुए श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों का रेस्क्यू करने के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सोनप्रयाग में स्थलीय निरीक्षण करने के बाद गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि श्री केदारघाटी में बीते दिनों हुई अतिवृष्टि के बाद प्रकृति ने अपना रौद्र रूप दिखाया है। इस अतिवृष्टि से जगह-जगह मार्ग क्षतिग्रस्त तथा बंद हुए हैं। साथ ही कई लोग विभिन्न स्थानों में फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद से जिला प्रशासन सहित एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, एनडीआरएफ व पुलिस के जवानों द्वारा लगातार रेस्क्यू कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन भी स्थानों में लोग फंसे हुए हैं वहां पर प्रशासन की टीमें पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात हैं तथा फंसे हुए लोगों का रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि फंसे हुए लोगों को खाने और पीने का पानी निरंतर उपलब्ध कराया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन की फंसे हुए लोगों को पूरी तरह सुरक्षित निकालने का रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है। उन्होंने आश्वस्त होते हुए बताया कि सभी फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकाल दिया जाएगा। किसी भी आवश्यकता के लिए धामी सरकार केंद्र सरकार के संपर्क में है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के मुख्यमंत्री यहां के हालातों की निरंतर मॉनीटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी लगभग एक हजार श्रद्धालु फंसे हुए हैं जिनसे लगातार

संपर्क किया जा रहा है। उन्हें खाने व पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी को फंसे हुए लोगों का यथाशीघ्र रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित निकालने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने गढ़वाल सांसद को राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि अतिवृष्टि के बाद से निरंतर स्थानीय जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन सहित एनडीआरएफ,डीडीआरएफ, एसडीआरएफ व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा निरंतर रेस्क्यू अभियान जारी है। बताया कि अभी तक यात्रा मार्ग में फंसे हुए लगभग 7500 से अधिक लोगों का सफल रेस्क्यू किया जा चुका है। साथ ही फंसे हुए श्रद्धालुओं को आवश्यकता के अनुसार भोजन, पानी व अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सभी विभागों को उनसे संबंधित व्यवस्थाएं सुचारू करने के भी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही फंसे हुए लोगों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। जिन्हें जल्द ही रेस्क्यू कर सुरक्षित निकालने की कार्यवाही गतिमान है।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष सीमांत क्षेत्र निगरानी परिषद चंडी प्रसाद भट्ट, जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार, देवप्रकाश सेमवाल, पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, एनडीआरएफ कमांडेंट सुदेश कुमार दराल, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग निर्भय सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

दून विवि में एमबीए की कक्षाएं शुरू

देहरादून। दून विवि के स्कूल आफ मैनेजमेंट के एचओडी प्रो. गजेंद्र सिंह ने बताया कि शैक्षिक समारोह का उद्घाटन ओकलैंड विश्वविद्यालय, मिशिगन यूएसए के प्रोफेसर राजीव सिंघल और एनवाईयू यूएसए के प्रोफेसर दीपक अग्रवाल ने वित्तीय प्रबंधन की जानकारी देते हुए किया। प्रो. सिंह के अनुसार ये विदेशी प्रोफेसर कुल 60 घंटे की कक्षाएं लेंगे। जो कि छात्रों के लिए काफी लाभप्रद होंगी। विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा कि यह हमारे विश्वविद्यालय के लिए अत्यधिक गर्व और हर्ष का विषय है कि हमारे छात्र अब इन दो विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष शिक्षा प्राप्त करेंगे। यह न केवल उनके करियर के लिए बल्कि उनके समग्र विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। यह कदम न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देगा, बल्कि हमारे विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा।

चमोली जिले में 10 मलिन बस्तियां चिन्हित

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जिले में मलिन बस्तियों के सुधार के लिए नगर निकायों में चिन्हीकरण के साथ सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिले की नगर पालिका जोशीमठ, कर्णप्रयाग, गौचर, गोपेश्वर और नंदप्रयाग में 10 मलिन बस्तियां चिन्हित की गई है।

शनिवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मलिन बस्तियों के सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मलिन बस्तियों का सत्यापन और श्रेणीवार वर्गीकरण करते हुए शीघ्र इसका प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया जाए। ताकि मलिन बस्तियों में निवासरत परिवारों के जीवन स्तर में सुधार, मलिन बस्तियों के विनियमितीकरण और पुनर्वास हेतु कार्य योजना तैयार की जा सके।

इस दौरान बताया गया कि नगर पालिका जोशीमठ में 05, गोपेश्वर में 02, कर्णप्रयाग, गौचर और नंदप्रयाग में एक-एक मलिन बस्तियां चिन्हित कर सर्वेक्षण किया गया है।

इन बस्तियों में निवासरत परिवार और परिवार के सदस्यों के साथ राजस्व रिकार्ड के अनुसार भूमि का सत्यापन पूरा कर लिया गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, एसडीएम आरके पांडेय, एसडीएम कमलेश मेहता, एसडीएम एसके पांडेय, एसडीएम सीएस बशिष्ट, ईओ पीएस नेगी सहित अन्य नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मौजूद थे।

आरटीओ कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार से बढ़ी परेशानी

देहरादून। आरटीओ में शनिवार को मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों के दो घंटे के कार्यबहिष्कार के कारण ड्राइविंग और वाहन से जुड़े कार्यों के लिए आए लोग परेशान रहे। घंटों तक काउंटरों के बाहर लाइन लगाकर खड़ा रहना पड़ा।

कुछ लोग ऐसे भी थे, जिनको काम करवाने के लिए चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा। परिवहन विभाग के मिनिस्ट्रीयल और प्रवर्तन कर्मचारी चारधाम यात्रा ड्यूटी के दौरान सस्पेंड किए गए चार कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। शनिवार को कर्मचारियों ने प्रदेश भर में दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया। जिस कारण वाहन और ड्राइविंग लाइसेंस संबंधित काम के लिए आए लोगों को परेशान होना पड़ा। सुबह से ही लोग आरटीओ पहुंचने लगे थे। लेकिन काउंटरों पर उनको कर्मचारी नहीं मिले।

सैनिक कल्याण मंत्री ने किया सैन्यधाम का निरीक्षण

देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून स्थित गुनियाल गांव में सैन्यधाम निर्माण स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सैन्यधाम को जल्द ही जनता को समर्पित किया जाएगा। मंत्री गणेश जोशी ने निर्माणाधीन सैन्य धाम में म्यूजियम, ऑडिटोरियम और जहां शहीदों के नाम अंकित किए जाने है, उनके निर्माण कार्यों का जायजा भी लिया। मंत्री ने मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से दिए गए 15 अक्टूबर की डेडलाइन तक किसी भी हाल में निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने अधिकारियों को दिन रात कार्य कराने और निर्धारित समय सीमा के भीतर और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि सैन्य धाम का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस धाम को जल्द ही प्रदेश की जनता को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा उत्तराखंड का पंचम धाम सैन्य धाम प्रदेश की जनभावनाओं से जुड़ा हुआ है। देश के भर के स्मारकों के अध्यन के बाद सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है। सैन्य धाम में 1734 शहीद जवानों के आंगन की मिट्टी और प्रदेश की 28 पवित्र नदियों का जल अमर जवान ज्योति के मुख्य स्तंभ में प्रतिस्थापित की गई है। इसके अतिरिक्त सैन्य धाम में लाइट एंड साउंड शो, म्यूजियम, ऑडिटोरियम टैंक, जहाज और 120 फीट उंचा तिरंगा झंडे के साथ ही अन्य सैन्य उपकरण भी रखें जाएंगे। इस मौके पर सैनिक कल्याण सचिव दीपेंद्र चौधरी, कार्यदायी संस्था पेयजल एमडी रणवीर सिंह चौहान, सैनिक कल्याण निदेश-ाक ब्रिगेडियर अमृत लाल, उपनिदेशक कर्नल एमएस जोधा, संयुक्त सचिव सुनील सिंह, परियोजना निदेशक रवींद्र कुमार, योगेश कुमार मौजूद रहे।

भव्य कलश यात्रा के साथ निकाली भगवान नाग देवता की डोली

देहरादून। ग्राम सभा भट्टा क्यारकुली ने भटटा गांव मंदिर से श्री नाग देवता मंदिर तक भगवान नाग देवता की डोली व भव्य कलश यात्रा पांरपरिक वाद्ययंत्रों के साथ निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं कलश लेकर चल रही थी। वहीं गांव के लोग भी बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल हुए।

भटटा गांव से हर वर्ष की भांति भगवान नाग देवता की डोली व भव्य कलश यात्रा निकाली जाती है, जो करीब चार किमी तक पैदल चल कर भगवान नाग देवता के पौराणिक मंदिर तक जाती है। जहां कलश स्थापना के बाद श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। जिसमें बाल व्यास अनिल कृष्ण जी महाराज ने कथा सुनाई व नाग पंचमी के दिन कथा का समापन होगा। भगवान नाग देवता की डोली यात्रा पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाए कलश लेकर चल रही थी व श्रद्धालु भगवान नाग देवता व भद्राज देवता के जयकारे लगा रहे थे। ग्राम सभा भटटा क्यारकुली में नाग देवता का विशेष महत्व है जो यहां के निवासियों का ग्राम देवता है वहीं नाग मंदिर पौराणिक है जहां पर दूर–दूर से लोग आकर मन्नते मांगते हैं और सभी पर नाग देवता की कृपा बनी रहती है। बताया जाता है कि यहां पर पूर्व में शिवलिंग प्रकट हुआ जिस पर ग्रामीणों की गाय द्वारा शिवलिंग पर दूध चढ़ाया जाता था जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने वहां पर मंदिर की स्थापना की बताया जाता है कि यहां पर स्वयं नाग देवता प्रकट होकर अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। इस मौके पर ग्रामीण गजे सिंह कोठाल ने बताया कि हर वर्ष सावन के महीने में कलश यात्रा का आयोजन किया जाता है और इसी दिन से भागवत कथा की शुरुआत होती है उन्होंने कहा कि नाग देवता की क्षेत्र पर विशेष कृपा है।

इस मौके पर ग्रामीण मीना कोठाल ने बताया कि उनके पूर्वजों द्वारा मंदिर में दशकों से पूजा अर्चना की जाती है और नाग देवता ग्राम वासियों पर हमेशा प्रसन्न रहते हैं। इस मौके पर नाग देवता मंदिर समिति के संरक्षक पाती राम जदवान, अध्यक्ष दयाल सिंह रावत, उपाध्यक्ष लाल सिंह रावत,सवित बलबीर सिंह जदवान, संतोष थापली, भीम सिंह रावत, प्रेम सिंह, कौशल्या रावत, आशीष रावत, सुधाशु रावत, कौशल सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

रातभर चला गंगा घाटों पर सफाई अभियान

हरिद्वार। कांवड़ मेले के समाप्त होने के बाद नगर निगम ने शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक नगर स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में हरकी पैड़ी गंगा घाट पर बड़े स्तर से सफाई अभियान चलाया गया। सैनीटेशन सेल प्रभारी श्रीकांत ने बताया कि शुक्रवार दस बजे से शनिवार सुबह पांच बजे तक सात घंटे चले सफाई अभियान में 6250 मीट्रिक टन कूड़ा गंगा घाटों से उठाया गया।

नगर आयुक्त वरुण चौधरी ने कांवड़ मेला समाप्त होते ही गंगा घाट की सफाई देररात से ही शुरू करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद शुक्रवार रात को नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तरुण मिश्रा के नेतृत्व में वृहद स्तर से हरकी पैड़ी और उसके आसपास के घाटों पर सफाई अभियान शुरू कर दिया गया।

आप ने की थाईलैंड में फंसे 24 उत्तराखंड वासियों की सकुशल भारत वापसी की मांग

हरिद्वार। आम आदमी पार्टी ने थाईलैंड में फंसे उत्तराखंड के 24 लोगों को सकुशल वापस लाने के लिए विदेश मंत्रालय, राज्यपाल और सीएम को पत्र भेजा है। आप के निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय सैनी ने कहा कि उत्तराखंड की नौ महिलाओं समेत 24 लोगों को रोजगार के बहाने थाईलैंड बुलाया गया और उसके बाद म्यांमार भेज दिया। कहा कि उनसे फर्जी तरीके से साइबर क्राइम केंद्र में काम करया जा रहा है। उनकी जान को खतरा बना हुआ है। आप ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से ज्ञापन भेजा?

गुरुकुल कांगड़ी विवि के इतिहास में महिला शिक्षिका को पहली बार मिला कुलपति का दायित्व

हरिद्वार।गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय की सीनियर प्रो. हेमलता को विवि के कार्यवाहक कुलपति का पदभार सौंप दिया गया है। शनिवार को विवि के कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. डीएस मलिक ने प्रो. हेमलता को कुलपति का पदभार ग्रहण कराया है। गुरुकुल कांगड़ी विवि के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी महिला प्रोफेसर को कुलपति का जिम्मा सौंपा गया है। गुरुकुल कांगड़ी विवि में डीम्ड विश्वविद्यालय रेगूलेशन–2023 लागू कर दिया गया है। इसके लागू होने से अब महिला शिक्षिकाएं भी विवि के प्रशासनिक पदों का दायित्व संभाल सकती है। इससे पहले विवि मुख्य परिसर में महिला शिक्षिकाओं को कुलपति, कुलसचिव आदि प्रशासनिक पदों का दायित्व नहीं दिया जाता था।

क्योंकि गुरुकुल कांगड़ी विवि आर्यसमाज के नियामों के अनुसार संचालित होता था।प्रो. हेमलता के कुलपति बनने का विवि के शिक्षकों, शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने स्वागत कियागुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में सीनियर प्रो. हेमलता के कुलपति बनने पर शिक्षकों, शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

दूधला दयालवाला में हाथियों ने उजाड़ी गन्ने की फसल

हरिद्वार। ग्राम पंचायत दूधला दयालवाला में हाथियों के फसलों को तहस नहस कर उजाड़ने का सिलसिला थम नहीं रहा है। शाम ढलते ही उत्पाती हाथी खेतों में आ धमकते है और रातभर किसानों की गन्ने की फसल उजाड़ते रहते हैं। किसान चाह कर भी कुछ नहीं कर पा रहे है।

ढोल नगाड़े पीटने से भी हाथी नहीं भाग पा रहे हैं। गांव किनारे लगी लाखों की लागत की सोलर फैंसिंग क्षतिग्रस्त पड़ी है। दूधला दयालवाला में किसान परमजीत सिंह और जीत सिंह, श्रवण सिंह, जसवीर सिंह की 10 बीघा से ज्यादा गन्ने की फ़सल हथियों ने उजाड़ दी है। किसान बारिश के चलते खेतों में नहीं जा पाये है।

गंगा को निर्मल रखने की अपील करते हुए शांतिकुंज के कार्यकर्ताओं ने निकाली शोभायात्रा

हरिद्वार। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के 500 से अधिक पीतवस्त्रधारी कार्यकताओं ने शनिवार को हरीतिमा संवर्धन तथा बाइक कांवड़ शोभायात्रा निकाला। शांतिकुंज की अधिष्ठात्री शैलदीदी के मार्गदर्शन में वैदिक पूजन के बाद शेफाली पण्ड्या ने शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शांतिकुंज के गेट नंबर दो से निकली शोभायात्रा भारतमाता मंदिर, पावन धाम चौराहा से शंकराचार्य चौक पहुंची। वापसी में देवपुरा चौक, प्रेस क्लब, रेलवे स्टेशन से होकर ललतारौ पुल पहुंची। जगह–जगह आश्रमों, लोगों ने

पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस बीच यातायात चलता रहा। शांतिकुंज कार्यकर्ताओं ने गंगा को निर्मल रखने, स्वच्छ–सुंदर हरिद्वार, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण, प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने का आह्वान किया। इसके साथ ही हर–हर शंभू के जयघोष के साथ यात्रा चलती रही। यह यात्रा दूधाधारी चौक, भूपतवाला होकर देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रज्ञेश्वर महादेव परिसर पर पहुंची।

बाल श्रम के खिलाफ राजस्व, पुलिस और श्रम तीनों करेंगे छापेमारी

हरिद्वार। अब बाल श्रम के खिलाफ पुलिस, राजस्व तथा श्रम विभाग छापेमारी करेंगे। बाल श्रम कराने वालों के विरुद्ध मुकदमे कराने के साथ ही इसकी प्रभावी पैरवी भी होगी, ताकि दोषी व्यक्ति को सजा मिल सके। यह सब निर्णय शनिवार को बैठक में लिए गए। एडीएम पीएल शाह की अध्यक्षता में जिला टास्क फॉर्स कमेटी की बैठक जिला कार्यालय सभागार में हुई।

एडीएम ने कहा कि कहा कि बच्चे किसी भी राष्ट्र के भावी निर्माता होते हैं। इस भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी हम सब की है। बच्चों को बाल श्रम जैसे शिकंजे से मुक्त कर शिक्षा के अवसर उपलब्ध करवाने से ही इनका भविष्य उज्जवल हो सकता है। कहा कि

बाल श्रम की समस्या का समाधान सरकारी व गैर सरकारी संगठनों, समाज सेवी संस्थाओं के सहयोग से ही किया जा सकता है। इसलिए व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक कर उन्हें बाल श्रम अधिनियम के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने ड्रॉप आउट बच्चों को चिन्हित करने के निर्देश भी दिए। कहा कि बाल श्रम करने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाए।

सत्र अवधि कम रखने पर विपक्ष ने उठाए सवाल

देहरादून। मानसून सत्र की अवधि सीमित रखने पर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं। विपक्ष के उप नेता खटीमा विधायक भुवन कापड़ी ने बयान जारी करते हुए कहा है कि महज तीन दिनों सत्र में राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा होना संभव नहीं है। सरकार विपक्ष के सवालों से बचने का प्रयास कर रही है। कापड़ी ने कहा कि विधानसभा नियमावली में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ कि विधानसभा सत्र साल में कम से कम साठ दिन चलेगा, लेकिन सरकार पूरे पाँच साल मिलाकर भी 60 दिन के लिए सत्र आहूत नहीं कर पा रही है। इससे सरकार की मंशा पर प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है। कापड़ी ने कहा कि आगामी मानसून सत्र तीन सप्ताह तक चलाया जाना चाहिए, ताकि जनहित के मुद्दों के लिए पर्याप्त जगह मिल सके।

बंद घर में लाखों की चोरी में गैंगस्टर समेत दो गिरफ्तार

देहरादून। बंद घर में लाखों की चोरी में गैंगस्टर समेत दो आरोपी पटेलनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों ने पहले दिन में रेकी की। बंद घर मिलने पर रात में उसमें चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इंस्पेक्टर पटेलनगर केके लुंठी ने बताया कि साईं लोक कॉलोनी में जगदीश कुमार बिष्ट का मकान है।

उनका बेटा राजस्थान में रहता है। बीते 20 जुलाई को वह घर का ताला लगाकर पूरे परिवार के साथ बेटे के पास चले गए। वहां से 29 जुलाई को वापस लौटे। इस दौरान देखा तो घर का सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। अलमारी और लॉकर टूट थे। सामान चेक किया तो अलमारी में रखे सोने गहने और करीब 25 हजार रुपये नगदी चोरी हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि शनिवार को परवल की तरफ से आने वाली रोड पर बाइक सवार संदिग्धों को रोका गया। आरोपियों की पहचान अकरम पुत्र मौसम अली निवासी बुटा थाना पक्की गढी जिला शामली, यूपी हाल निवासी कैलाशपुर, पटेलनगर और मुमताज पुत्र इस्तियाक निवासी थापुल थाना बिहारी गढ जिला सहारनपुर यूपी हाल निवासी कैलाशपुर, पटेलनगर के रूप में हुई।

आरोपियों की तलाशी लेने पर गहने और नगदी मिली। आरोपी अकरम के खिलाफ देहरादून के अलग–अलग थानों में गैंगस्टर समेत कुल पांच मुकदमे दर्ज हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com